www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश** प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, सोमवार 4 अप्रैल 2022, शुक्ल पक्ष तृतीया, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-52 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

आपकी जिन्दगी बहुत ही अनमोल और सुन्दर है, इसे फालतू और बेकार बातों में नहीं गवाएं।

आज बेबाक

ममता बनर्जी का भी जवाब नहीं। उनका कहना है कि रूस और यूक्रेन के बीच जंग भारत ने कराई है। दीदी ने कहा है कि बड़ी-बड़ी बात करने वालों को युद्ध कराने से पहले सोचना चाहिए था कि हमारे लड़के जब यूक्रेन से आएंगे तो कहां जाएंगे, क्या खाएंगे और कैसे पढ़ेंगे? लगता है यूक्रेन में डॉक्टरी पढ़ने गए सारे लड़के कड़के थे। ताज्जुब की बात तो यह है कि ऐसा वाहियात बयान देकर दुनिया में अपने देश की छवि धुमिल करने वाली दीदी मुंगेरी लाल की तरह यह हसीन सपना देख रही है कि वे भारत की प्रधानमंत्री बनेंगी!

सूर्योदय

उदय : 6.20 प्रात:

अस्त : 6.40 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,937,393,356

भारत: 1,404,136,117

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी: अवकाश

गोल्ड : 52,480 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 66,800 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 3.61 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	41.9	24.8
बिलासपुर	42.6	21.6
जगदलपुर	37.3	24.5
अंबिकापुर	39.8	21.3

आज का दिवस

अंतर्राष्ट्रीय खदान जागरूकता दिवस: संयुक्त राष्ट्र का अंतर्राष्ट्रीय खदान जागरूकता और खदान कार्य सहायता दिवस प्रत्येक वर्ष 4 अप्रैल को मनाया जाता है. 8 दिसंबर 2005 को, महासभा ने घोषणा की कि प्रत्येक वर्ष 4 अप्रैल को खदान जागरूकता और खदान कार्य सहायता के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाएगा. यह पहली बार 4 अप्रैल 2006 को मनाया गया था. इस वर्ष, संयुक्त राष्ट्र ने इस चुनौतीपूर्ण वर्ष के माध्यम से 'दृढ़ता, साझेदारी और प्रगति' को उजागर करके खान कार्रवाई को बढ़ावा दिया. दिन का लक्ष्य बारूदी सुरंगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उनके उन्मूलन की दिशा में प्रगति करना है. माइन एक्शन में बारूदी सुरंगों और युद्ध के विस्फोटक अवशेषों को हटाने और खतरनाक क्षेत्रों को चिह्नित करने और बाड़ लगाने के प्रयासों की एक श्रृंखला है.

जन्म से दोनों हाथ नहीं, फिर भी महापरीक्षा में कामयाबी हासिल, आज सफलता के शिखर पर पहुंचने को आतुर शांति

■ **कलेक्टर ने शांति से मुलाकात की, उनके जज्बे की सराहना की**

महासमुंद/नवप्रदेश जन्म से विकलांगता से जूझने वाली 30 वर्षीय दिव्यांग शांति बाई ठाकुर के पास हौसले की कोई कमी नहीं है। महासमुंद सहित पूरे छत्तीसगढ़ में पैर से लिखकर प्रौढ़ शिक्षार्थी के तौर पर मशहूर शांति की कहानी एक मिसाल बन गई है जो लाखों लोगों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। शांति का जन्म महासमुंद जिले के बागबाहरा के दैहानीभाठा में हुआ। जन्म के समय ही इनके ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पैर से लिखकर हासिल की कामयाबी

कई बार सुना मंजिलें उनको मिलती हैं जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है, को वाक़ई अक्षरशः चरितार्थ करते हुए बागबाहरा की शांति जिनके जन्म से दोनों हाथ नहीं थे। उन्होंने हाल ही में पैर से लिखकर पढ़ना लिखना अभियान के अंतर्गत प्रौढ़ शिक्षार्थियों के महापरीक्षा में कामयाबी हासिल की है। वे अपने परिजनों को भी पढ़ाई के लिए जागरुक कर रही है। शांति के दोनों हाथ नहीं होने के बावजूद अपने परिवार के लिए अपने दोनों पैरो से खाना बनाना, खाना खाना, सब्जी, पूड़ी, जीवन की दैनिक कार्य के साथ साथ मोबाइल भी चला लेती है। पति इन्दल ठाकुर मजदूरी का काम कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है।

अंत्योदय योजना के तहत दिव्यांग शांति का बना राशन कार्ड

कलेक्टर के निर्देश पर तुरंत दिव्यांग शांति का अंत्योदय योजना के तहत राशन कार्ड बन गया। नगरपालिका अधिकारी ने उनके पति श्री इन्दल को अन्त्योदय राशन कार्ड सौंपा।

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने असंतुष्ट नेताओं से की चर्चा

पांच राज्यों में शर्मनाक हार के बाद उठे सवालों को लेकर चिंतित

नई दिल्ली। कांग्रेस नेतृत्व पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में शर्मनाक हार के बाद पार्टी के अंदर उठ रहे सवालों को लेकर चिंतित है। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व एक बार सभी को साथ लेकर चलने की कोशिश कर रहा है। ताकि पार्टी के अंदर चल रही संगठन चुनाव की प्रकिया के तहत नए अध्यक्ष के चुनाव में किसी तरह की कोई दिक्कत न आए।

उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर विधानसभा चुनाव में हार के कारणों पर विचार करने के लिए बुलाई गई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कई असन्तुष्ट नेताओं से मुलाकात की है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष ने कुछ नेताओं से मुलाकात की है। वह बाकी असन्तुष्ट नेताओं से भी जल्द मुलाकात करेंगी।

पार्टी नेता ने कहा कि महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण को भी समय दिया गया था। पर, किसी व्यस्तता के कारण उनकी मुलाकात नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष सभी असन्तुष्ट नेताओं से मिलकर पार्टी को नए सिरे से मजबूत बनाने के बारे में उनकी राय लेना चाहती हैं, ताकि संगठन में आवश्यक बदलाव करते वक़्त उनके सुझावों का भी ध्यान रखा जाए। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'बीजेपी अहंकारी है, आप को मौका दें'

अहमदाबाद। विधानसभा चुनाव से पहले गुजरात पहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी को 'अहंकारी' बताया है। साथ ही उन्होंने गुजरात के लोगों से आम आदमी पार्टी को एक मौका देने की अपील की। इस दौरान केजरवाल के साथ पंजाब के नए सीएम भगवंत मान भी मौजूद रहे। दोनों नेता शनिवार को आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। गुजरात में इस साल के अंत में चुनाव हो सकते हैं। केजरीवाल ने कहा, 'मैं यहां किसी पार्टी की आलोचना करने के लिए नहीं आया हूं। मैं यहां भाजपा को हराने नहीं आया हूं। मैं कांग्रेस को हराने नहीं आया हूं। मैं गुजरात को जिताने आया हूं। हमें गुजरात और गुजरातियों को विजय बनाना है। हमें गुजरात में भ्रष्टाचार खत्म करना होगा।' रोडशो के दौरान केजरीवाल ने आरोप लगाए कि राज्य में भाजपा 25 सालों से सत्ता में है, लेकिन भ्रष्टाचार खत्म नहीं कर सकी। उन्होंने कहा, '25 सालों के बाद वे अब अहंकारी हैं। वे अब लोगों की बात नहीं सुनते। आम आदमी पार्टी को एक मौका दें, जैसे पंजाब ने दिया है, जैसे दिल्ली ने दिया है। आम आदमी पार्टी को एक मौका दें, अगर आपको हम पसंद नहीं आए, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम बघेल ने किया नेहरू स्मृति उद्यान का लोकार्पण

जगदलपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दो दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान शनिवार संध्या को यहां जगदलपुर में लालबाग के निकट नेहरु स्मृति उद्यान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री कवासी लखमा, सांसद दीपक बैज, संसदीय सचिव रेखचंद जैन, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप, अक्षय ऊर्जा विकास बोर्ड के अध्यक्ष मिथलेश स्वर्णकार, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एमआर निषाद, महापौर सफीरा साहू, नगर निगम सभापति कविता साहू, कमिश्नर श्याम धावड़े, पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी, मुख्य वन संरक्षक मोहम्मद शाहिद, कलेक्टर रजत बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मीणा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित व्यास, सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री को परिसर की पूरी जानकारी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल की कक्षा 11वीं में अध्यनरत आकांक्षा कुमारी ने दी। उसी स्कूल की छात्रा जेनीफर एक्का ने पंडित नेहरू की लिखी किताब विश्व इतिहास की झलक भेंट में दी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन संघ ने सीएम को लड्डुओं से तौला

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बस्तर प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बस्तर संभाग द्वारा पुरानी पेंशन बहाली की मांग पूरी करने वाले पेंशन पुरुष की संज्ञा देते हुए जगदलपुर के टाउन हॉल में आयोजित आभार सम्मेलन में लड्डुओं से तौलकर अपनी खुशियों का इजहार किया।

ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, 3 युवकों की मौके पर मौत

रायगढ़ /नवप्रदेश। रविवार दोपहर सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई। तीनों युवक एक ही बाइक पर घर जा रहे थे। इस दौरान ट्रक ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। वहीं तीनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। मामला रायगढ़ जिले के बरमकेला थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, दोपहर करीब 12 बजे बरमकेला थाना प्रभारी एलपी पटेल को सूचना मिली कि सारंगढ़-बरमकेला मार्ग पर कोहनी मोड़ान मोड़ के पास जंगल में एक ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी है। हादसे में तीनों युवक बुरी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पिकअप से टकराने के बाद कार में लगी आग, 5 घायल

जशपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। यहां तुमला थाना क्षेत्र अंतर्गत खुटसेरा के पास तेज रफ्तार पिकअप व कार में जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में पिकअप चालक व कार में सवार 4 समेत 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बच्चे भी शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, रविवार दोपहर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ऑस्ट्रेलिया बना आईसीसी महिला विश्व कप चैंपियन

क्राइस्टचर्च (वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया ने महिला क्रिकेट में अपना दबदबा साबित करते हुए पिछले विजेता इंग्लैंड को रविवार को एकतरफा अंदाज में 71 रन से हराकर आईसीसी महिला विश्व कप चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में पांच विकेट पर 356 रन का विशाल स्कोर बनाने के बाद इंग्लैंड को 43.4 ओवर में 285 रन पर समेट दिया।

आसमान से गुजरती लाल रौशनी ने लोगों को किया आश्चर्यचकित

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के पखांजुर इलाके में शनिवार रात 7.45 बजे आसमान में रहस्यमयी खूबसूरत नजारा देखने को मिला। आसमान से गुजरती लाल रोशनी ने लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। हालांकि कुछ ही समय में यह रोशनी गायब हो गई। इस दौरान कई लोगों ने इस नजारे को अपने मोबाइल में कैद कर लिया और सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया। आसमान में इस तरह का आग का गोला देख हर कोई हैरान रह गया। आसमान से तेजी से गुजरते इस गोले को जिसने में भी देखा वहीं खड़ा होकर खूबसूरत नजारे को ताकता ही रहा, उसके बाद तो कई तरह के कयासों का दौर शुरू हो गया। हालांकि पहली नजर में इसे उल्कापिंड बताया जा रहा है। लोगों में इस आसमानी घटना को लेकर हैरानी है। इस अजब-गजब घटना का वीडियो भी लोगों ने बनाया और सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस वीडियो में एक अजीब सा आग का गोला तेजी से आसमान से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

चर्चा... पीएम मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत-नेपाल के बीच खुली सीमा है तथा इससे जुड़े विवादों का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए

भारत-नेपाल ने चीन को दिया बड़ा झटका, मोदी-देउबा की मुलाकात से पुराने रिश्तों में नई गर्माहट

नई दिल्ली। नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की भारत यात्रा से दोनों देशों के संबंधों में आई कड़वाहट दूर हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि दोनों देशों के बीच शनिवार को हुई बैठक पुराने संबंधों में नई गर्मजोशी लाएगी। जिस प्रकार से दोनों देशों के बीच कई नई शुरूआत हुई है, उसने नेपाल पर चीन की पकड़ और कमजोर होगी तथा भारत-नेपाल रिश्ते प्रगाढ़ होंगे।

नेपाल में पिछली कम्युनिस्ट सरकार के दौरान रिश्तों में तल्खी की वजह नेपाल का सीमा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नेपाल मामले में चीन के चल रहे बुरे दिन

विदेश मामलों के जानकारों की मानें तो नेपाल के मामले में चीन के दिन पहले से ही बुरे चल रहे हैं। अमेरिका-नेपाल के बीच पांच साल से लटके मिलेनियम कारपोरेशन चैलेंज (एमसीसी) समझौते को हाल में नेपाल की संसद ने चीन के न चाहते हुए भी मंजूरी दी है। अमेरिका ने जब द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की चेतावनी दी तो देउबा सरकार ने इसे मंजूरी दिलाई।

साफ दिख रहा बदलाव

मौजूदा सरकार के कार्यकाल में नेपाल के रुख में पहले से ही बदलाव साफ दिख रहा है। लेकिन असल दिक्कत यह है कि देउबा सरकार भी कई कम्युनिस्ट गुटों के समर्थन पर टिकी है, इसलिए एकदम से यह मुद्दा किनारे हो जाएगा, ऐसा तो नहीं लगता। लेकिन फिर भी उम्मीद है कि तय मैकेनिज्म के जरिये इसे आने वाले दिनों में सुलझाया जाएगा। यह भी तय है कि अब यह मुद्दा पहले जैसा राजनीतिक रुख अख्तियार नहीं करेगा।

भाजपा में कर्नाटक-हिमाचल को लेकर मंथन तेज, अमित शाह और जेपी नड्डा ने संभाली कमान

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा नेतृत्व ने रणनीति बनानी शुरू कर दी है। हिमाचल प्रदेश में साल के आखिर में चुनाव होगा, जबकि कर्नाटक में अगले साल के पूर्वार्द्ध में चुनाव होगा।

पार्टी के वरिष्ठ नेता व गृह मंत्री अमित शाह ने एक दिन पहले बेंगलुरु में कर्नाटक की कोर कमेटी के साथ बैठक कर स्थिति की समीक्षा की है। वहीं, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली में हिमाचल के नेताओं के साथ बैठक की है।

कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में भाजपा की सरकारें हैं। इन दोनों राज्यों में उसके सामने रणनीतिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सिंधी समाज के लोगों ने धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया चेटीचंड पर्व

■ सुबह स्कूटर रैली निकाली गई, बड़ी संख्या में महिलाएं हुई शामिल, इसके साथ रैली में समाज के सभी वर्ग के लोग हुए शामिल

मुंगेली/नवप्रदेश। सिंधी समाज के ईष्ट देव झूलेलाल सांईजी की विशेष पूजा अर्चना कर भगवान से सुख समृद्धी की कामना की गई। चेट्रीचंड के दिन श्रद्धालु बहिराणा साहिब बनाते हैं। शोभा यात्रा में छेज इस पर्व में सिंधी समाज का लोकनृत्य डांडिया गीत के साथ भगवान झूलेलाल की महिमा के गीत गाते एवं नाचते हुए भगवान की भक्ति में लीन होकर नगर भ्रमण किया गया। महिला मण्डल के द्वारा भगवान झूलेलाल के जन्मउत्सव के अवसर पर डिजे की धुन पर स्कूटर रैली निकाली गई जिसमें समाज के महिलाओं एवं पुरूष एवं बच्चे बडी संख्या में शामिल हुए। शाम को महिला पुरूष द्वारा भव्य शोभा यात्रा भगवान झूलेलाल की निकाली गई।

चेट्रीचंद्र पर्व सिंधी समाज द्वारा धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया गया सुबह सिंधी महिला मण्डल के द्वारा भगवान झूलेलाल के जन्मउत्सव के अवसर पर डिजे की धुन पर स्कूटर रैली निकाली गई जिसमें समाज के महिलाओं एवं पुरूष एवं बच्चे बडी संख्या में शामिल होकर भगवान झुलेलाल के जयकारे के साथ शहर के प्रमुख मार्गो सिंधी कालोनी चैक, पडाव चैक, पुराना बस स्टैण्ड, दाउपारा होते हुए स्कूटर रैली झुलेलाल धाम पहुचकर समापन किया गया वहीं दोपहर 1 बजे से आम लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सिंधी समाज के अलावा अन्य जाति धर्म के लोग भी सम्मिलित हुए जिसमें लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके पश्चात सिंधी समाज द्वारा शाम को महिला पुरूष द्वारा भव्य शोभा यात्रा भगवान झूलेलाल कि निकाली गई। समाज के लोगों ने तासे के धुन में नाचते गाते बड़ी संख्या लोग सिंधी धर्मशाला झूलेलाल धाम से शोभा यात्रा निकाली गई। सिंधी समाज के ईष्ट देव झूलेलाल साई जी की विशेष पूजा अर्चना कर भगवान से सुख समृद्धी की कामना की गई। चेट्रीचंड के दिन श्रद्धालु बहिराणा साहिब बनाते हैं। वही समाज प्रमुख ने बताया की चैत्र शुक्ल द्वितिया से सिंधी नव वर्ष प्रारंभ होता है जिसे चेट्रीचंद पर्व के नाम से जाना जाता है। वही शोभा यात्रा में 'छेज' इस पर्व में सिंधी समाज का लोकनृत्य डांडिया गीत के साथ भगवान झूलेलाल की महिमा के गीत गाते एवं नाचते हुए भगवान की भक्ति में लीन होकर नगर भ्रमण किया गया। सिंधी समाज द्वारा प्रसाद स्वरूप ताहिरी मीठे चावल, छोले उबले नमकीन चने और शरबत का प्रसाद नगर में भक्तों द्वारा वितरण किया गया। शहर वासियों एवं नगर पालिका अध्यक्ष गुरू हेमेन्द्र गोस्वामी एवं नगर पालिका के पार्षदों के द्वारा रैली को स्वागत कर मिष्ठान वितरण किया गया। एवं चैट्री चन्द्र पर्व कि प्रसाद ग्रहण किया तथा सभी समाज व धर्म के लोगो ने इस पर्व कि बधाई दी गई। लोगां ने इस पर्व के दौरान जगह-जगह झांकी का स्वागत करते हुए रैली में शामिल लोगो का उत्साह वर्धन किया। देर रात तक सिंधी समाज द्वारा बहिराणा साहिब का विसर्जन किया गया। चैट्री चन्द्र पर्व में सिंधी समाज के हजारों कि संख्या में महिला पुरूष एवं बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिंस्सा लिया। भगवान झूलेलाल कि जन्म दिवस हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। सिंधी समाज के झूलेलाल सेवा मण्डल एवं सिंध सेवा समिति सिंधी महिला मण्डल सिंध नवयुवक समिति के द्वारा यह आयोजन किया गया ।

महार समाज ने मनाया उगादि का पर्व

ह्यबीजापुर/नवप्रदेश। महार समाज के जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्राकर के नेतृत्व में जिला मुख्यालय के हृदयस्थल में मनाया गया उगादि पर्व। महार समाज के लोगों की सबसे खास त्यौहार में से एक गुड़ी पड़वा त्यौहार होता है और गुड़ी पड़वा के पर्व में बीजापुर में एकत्रित हुए पूरे महार समाज के लोग जिनमे उसूर ब्लॉक के प्रतिनिधि मंडल सहित भोपालपट्टनम के महार समाज के लोगो ने भी इस पर्व को मनाने आज बीजापुर पहुचे। रीति रिवाज निभाते हुए जिसमे माता के पूजा अर्चना के बाद कंकन बांध कुमकुम लगाकर एक दूसरे का स्वागत सहित अभिनन्दन किया गया।जिसमें प्रमुख रूप से जिले के महार समाज के वरिष्ठ लोग भी मौजूद रहे। जिनमे डी नागेश्वर एवम डी एस राम, ओमप्रकाश केजी, नंदकुमार केजी, नरेंद्र झाड़ी, रितेश चंद्रकार, परिचित केजी एंव बीजापुर के मुश्लिम धर्म के लोग भी इस पर्व में शिरकत कर

महार समाज के जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्रकार को इस पर्व की बधाई दिए। वही उगादि पर्व में महार समाज के लोगो के प्रति लोगो ने भी स्नेह सहित एक एकता देखा। जो कि महार समाज मे दूर दराज से आये लोगों के प्रति लोगो मे भाव सा उत्पन्न हो रहा था। बड़े ही धूमधाम से गुड़ी पड़वा का पर्व आज महार समाज के लोगो ने बीजापुर में मनाया।

■ न्यूज गैलरी

आस्था के दीप जले, शहर में श्रद्धा का माहौल

मुंगेली/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्रि में शहर व आसपास के क्षेत्रों में स्थित सभी देवी मंदिरों में शुभ मुहुर्त में ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए। नगर के विभिन्न देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु भक्त जनों की भीड़ लगी रही। शहर के देवी मंदिरों में नवरात्रि पर्व के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालु भक्त जनों की भीड़ लगी रही। मंदिरों में शुभमहुर्त में देवी आराधना के साथ पहले मंदिरों में ध्वज चढ़ाया गया। पूजा पश्चात ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए। क्षेत्र के मंदिर मां महामाया मंदिर सोनार पारा, मां काली मंदिर खर्रीपारा, मां अंगार मोती माता मंदिर पानी टंकी, शक्ति माई मंदिर पंडरिया रोड, हथनीकला मंदिर, दुर्गा मंदिर, बड़की महामाया दाऊपारा, महामाया मंदिर मल्हापारा, ठाकुरदेव मंदिर मलाईघाट सहित समस्त मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए। नवरात्र पर्व पर धार्मिक आस्था रखने वाले महिला एवं पुरूष नौ दिनों का उपवास रहते हैं। कई भक्तजन दूध व फल खाकर तो अनेक श्रद्धालु निर्जला उपवास भी रहते हैं। चैत्र नवरात्र 02 अप्रेल से प्रारंभ हुआ। इसके साथ ही देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश जगमगाएं। नवरात्रि तक अंचल वासी शक्ति की भक्ति में डूबे रहेंगे। मंदिर एवं ज्योति कलश कक्षों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। नवरात्रि तक देवी मंदिरों में भीड़ रहेगी। हथनीकला स्थित मंदिर आसपास के ग्रामीणों के लिए आस्था का केन्द्र बनी हुई हैं। यहां मंदिर परिसर में नवरात्रि में मेला जैसा माहौल लगा रहता हैं। इसी तरह शक्ति माई में भी नवरात्र प्रारंभ होते ही आस्था के दीप प्रज्जवलित किए गए और भक्तों की कतार लगी रही। महामाया मंदिर दाऊपारा में भी दूर-दूर से ज्योति जलवाने पहुंचते हैं। घट स्थापना होते ही मां महामाया के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। 9 दिनों तक चलने वाले इस पर्व के अवसर पर फलों एवं फलाहार की बिक्री भी तेज हो गई। लोगों को केला, अंगूर व तरबूज सहित सिंघाड़ा, साबूदाना आदि की खरीददारी करते देखा गया। पहले की अपेक्षा फलों में तेजी भी देखी गई। देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ ही नवरात्र की पूजा अर्चना श्रद्धा एवं भक्ति के सांथ की जा रही है। घट स्थापना के साथ ही अंचल का वातावरण भक्तिमय हो गया है। रात्रि में जसगीत का गायन किया जा रहा है। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार दर्शन हेतु लगे रहती है तथा देर रात तक माता के जसगीत मंदिरों की थाप के साथ गुंजती रहती है।

मां खुड़ियां देवी ओगनपाठ जमकोर में नवरात्रि में मनोकामनाए ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किये गए है। ग्राम संगवा, देवगांव, सुरदा, देवरी, सुरीघाट, जमकोर में भी ज्योति कलश प्रज्वलित कर नवरात्रि पर्व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।

गांधी जी की प्रतिमा स्थापना के लिए भूमिपूजन

बीजापुर /नवप्रदेश। भोपालपटनम नगर के हृदय स्थल गांधी चौक पर गांधी जी के प्रतिमा स्थापना के लिए स्थानीय जन-प्रतिनिधियों ने भूमि-पूजन किया। नगर के बीचों बीच से गुजरने वाली एनएच सड़क चौड़ीकरण के दौरान गांधी चौक से गांधी जी की प्रतिमा को हटाया गया था। अब उसी स्थल पर गांधी जी की प्रतिमा स्थापित होगी। गांधी चौक पर गांधी जी की प्रतिमा की पुनः स्थापना को लेकर भोपालपटनम नगरवासी लम्बे समय से माँग कर रहे थे। विदित हो कि यह चौक लम्बे समय तक गांधी चौक के नाम से प्रसिद्ध रहा है।

इस दौरान ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण बोर्ड के सदस्य एवं ज़िला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी, ज़िला पंचायत सदस्य सरिता चापा, जनपद उपाध्यक्ष मिच्चा मुतैया, नगर पंचायत भोपालपटनम की अध्यक्ष रिंकी कोरम, उपाध्यक्ष संतोष कुमार बोरे, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अल्वा मदनैया, ज़िला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ज्योति कुमार, सालिक नागवंशी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मद्देड के अध्यक्ष तलांडी इस्तारी, केजी सत्यम, अरुण वासम, विज़ार खान, सरपंच संघ के अध्यक्ष अशोक मडे, एट्टी सुनीता, आशा आत्मकुरी, शेख़ रज़ाक़, सपना कटरेवाला, शशिकला दबागटला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रामायण मंडली प्रतियोगिता में श्री राम जानकी मानस मंडली रंगबेल ने मारी बाजी

■ विजेता मंडली को 50 हजार का दिया गया पुरस्कार

कोरबा/नवप्रदेश। भगवान श्री रामचंद्र की आदर्शों को जन जन तक पहुँचाने और जिले की रामायण मंडलियों को प्रोत्साहित करने के लिए कोरबा शहर स्थित डॉ भीम राव अम्बेडकर ओपन ऑडोटोरियम में जिला स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड कटघोरा के ग्राम पंचायत रंगबेल की श्री राम जानकी मानस मंडली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम को 50 हजार रुपए राशि का चेक, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कटघोरा के पूर्व विधायक श्री बोधराम कंवर ने जनप्रतिनिधियों के साथ विजेता मंडली और प्रतियोगिता में शामिल रामायण मंडलियों का सम्मान किया। प्रतियोगिता में विकासखण्ड स्तर में आयोजित रामायण मण्डली प्रतियोगिता से चयनित प्रतिभागी शामिल हुए। जिला स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता में विकासखंड कोरबा से श्रद्धा के फूल रामायण मंडली ग्राम पंचायत गढ़ उपरोड़ा, विकासखंड करतला से जय डगाही मां मानस मंडली ग्राम पंचायत लीमडीह, कटघोरा से श्री रामजानकी मानस मंडली ग्राम पंचायत रंगबेल, पाली से श्री संगम मानस मंडली ग्राम पंचायत कुटेलामुड़ा और विकासखंड पोंडी उपरोड़ा से मानस मंडली ग्राम पंचायत चोटिया की रामायण मंडली शामिल हुए।

जिला स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता में रामायण मंडलियों ने महान कवि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस में संकलित विभिन्न अध्यायों का पाठन कर श्री राम के आदर्श संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया। जिला स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त विजेता टीम जांजगीर-चांपा जिले के शिवरीनारायण में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता में शामिल होंगे। जिला स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में शामिल श्री बोधराम कंवर ने शासन द्वारा रामायण मंडलियों को प्रोत्साहित करने और भगवान श्री रामचंद्र के आदर्शों को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से गांव स्तर के रामायण मंडलियों को राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री नूतन कंवर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती माया वारियर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोरबा हरिशंकर पैंकरा, तहसीलदार पंचराम सलामे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान रामायण मंडलियों ने मानस गान कर कार्यक्रम में राम रस की धारा बहाई। रामायण मंडलियों की भक्तिमय राम भजन की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध होने पर मजबूर कर दिया। ऑडिटोरियम में दर्शक गण श्रद्धा और भक्ति के साथ महाकाव्य श्री रामचरितमानस में उल्लेखित श्री राम के आदर्शों को भक्ति गीत और भजन के रूप में सुनकर आनंद लिया।

महंगाई को लेकर केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा पर बरसे लालू

बीजापुर/नवप्रदेश। देश में पेट्रोल, डीज़ल, घरेलू गैस और खाद्य पदार्थों में बेतहाशा बढ़ती क़ीमतों के विरोध को लेकर शनिवार को ब्लॉक मुख्यालय भोपालपटनम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर के नेतृत्व में 'महंगाई मुक्त भारत अभियान ' के तहत धरना दिया। धरना स्थल पर गैस सिलेंडर, स्कूटर/मोटर सायकल, खाली गैस टंकी, पेट्रोल/डीजल के डिब्बों पर माल्यार्पण कर, गैस, पेट्रोल, डीजल और खाद्य पदार्थों के कीमतों में भारी वृद्धि के खिलाफ केन्द्र की मोदी सरकार और भाजपा की नीतियों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन स्थल पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा कि ÷केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा केवल उद्योगपतियों और पूँजीपतियों को लाभ पहुँचाने के लिए ही नीतियाँ बना रही है भाजपा और मोदी सरकार को आम जनता और ग़रीबों से कोई सरोकार नहीं जिस तरह से देश में पेट्रोल, डीज़ल, घरेलू गैस और खाद्य पदार्थों की क़ीमतों में बेलगाम वृद्धि हो रही है इसका असर सीधा किसानों, मज़दूरों, ग़रीबों, नौकरी पेशा, मध्यम वर्ग के लोगों और आम नागरिकों के बजट पर पड़ रहा है, इसे देखते हुए मोदी सरकार को तत्काल बढ़ती क़ीमतों को कम करने के लिए ठोस नीति बनानी चाहिए जिससे आम जनता को राहत मिल सके पर भाजपा और मोदी सरकार ऐसा नहीं कर लगातार क़ीमतों को बढ़ाते हुए लोगों से पैसा वसूली में लगी है। लालू राठौर ने आम लोगों से 'महंगाई मुक्त भारत अभियान' से जुड़ने का आग्रह करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि महंगाई मुक्त भारत अभियान से जुड़ कर महंगाई का डटकर विरोध करें जिससे आम लोगों को महंगाई की मार से राहत मिल सके।उपस्थित लोगों को छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण परिषद के सदस्य एवं ज़िला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं जनपद उपाध्यक्ष मिच्चा मुतैया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अलवा मदनैया एवं ब्लॉक महामंत्री सालिक नागवंशी ने भी सम्बोधित किया।

प्रदर्शन के दौरान जिला पंचायत सदस्य सरिता चापा, नगर पंचायत अध्यक्ष भोपालपटनम रिंकी कोरम, नगर पंचायत उपाध्यक्ष भोपालपटनम संतोष कुमार बोरे, ज़िला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ज्योति कुमार, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मद्देड के अध्यक्ष तलांडी इस्तारी, के. जी. सत्यम, अरुण वासम, विज़ार खान, सरपंच संघ के अध्यक्ष अशोक मडे, एट्टी सुनीता, आशा आत्मकुरी, शेख़ रज़ाक़, सपना कटरेवाला, शशिकला बदगटला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

वरिष्ठ वर्ग में गुलशन ने तो कनिष्ठ वर्ग में निर्भय ने मारी बाजी

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। सूर्यांश शिक्षा उत्थान समिति द्वारा आयोजित 'सूर्यांश प्रतियोगी परीक्षा महामहोत्सव' 27 मार्च को सूर्यांश विद्यापीठ, सूर्यांश प्रांगण सिवनी में संपन्न हुआ जिसमें सैकड़ों विद्यार्थियों ने सहभागिता किया। शासन द्वारा आयोजित व्यापम एवं पी.एस.सी. पैटर्न की तरह परीक्षार्थियों ने ओ.एम.आर. शीट पर प्रश्नों के उत्तर दिए।सिनियर (वरिष्ठ) स्तर पर ग्राम सकरेली (बाराद्वार) के गुलशन सूर्यवंशी पिता गंगा राम सूर्यवंशी ने प्रथम स्थान, जोगीडीपा के हरनारायण मधुकर पिता श्री धरम लाल मधुकर ने द्वितीय स्थान एवं शिवा कुमार पिता श्री हरिप्रसाद जोगीडीपा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर (कनिष्ठ) स्तर में निर्भय कुमार झलरिया ने प्रथम, इंद्र प्रकाश शेष पिता राजेश शेष पोड़ (सीपत) बिलासपुर ने द्वितीय एवं इंदु रात्रे पिता विश्वजीत रात्रे सारागांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ इंजीनियरिंग एवं मेडिकल में प्रवेश पर आधारित जे.ई. ई. नीट के सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा के जे.ई. ई. वर्ग में सूरज कुमार पिता दिलीप कुमार परसदा (वेद) बिलासपुर ने प्रथम, राहुल सक्सेना पिता दिलीप कुमार सक्सेना सरकंडा (बिलासपुर) ने द्वितीय एवं श्रेयांश कुमार सक्सेना पिता दिलीप कुमार सक्सेना सरकंडा (बिलासपुर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह नीट में काजल झलरिया पिता जामन लाल झलरिया सारागांव ने प्रथम, वैभवी लश्कर पिता उत्तम लश्कर बिजौर (बिलासपुर) ने द्वितीय एवं परमेश्वर प्रसाद पिता रामकिशन सूर्यवंशी लच्छनपुर (बाराद्वार) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सामान्य ज्ञान परीक्षा के पश्चात एक कैरियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया था जिस में उपस्थित छात्र-छात्राओं को कक्षा बारहवीं के पश्चात आयोजित होने वाले विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रमों के प्रवेश परीक्षा एवं मैट्रिक, मैट्रिकुलेशन एवं स्नातक स्तर पर आयोजित विभिन्न पदों के लिए व्यापम एवं पी.एस.सी. की विभिन्न परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में मार्गदर्शन किया गया।

सुरसरोहण मानस मंडली प्रतियोगिता को मिला पहला स्थान

■ जिला स्तरीय मण्डली प्रतियोगिता में संपन्न

मुंगेली/नवप्रदेश। रामायण मंडलियों को प्रोत्साहित करने के लिए जिला मुख्यालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल सभागृह में आज जिला स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखण्ड स्तर में आयोजित रामायण मण्डली प्रतियोगिता से चयनित प्रतिभागी शामिल हुए। मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम कुआंगांव के सुरसरोहण मानस मंडली ने जिला स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं पथरिया विकासखण्ड के ग्राम खपरी के सुरताल मानस मंडली ने द्वितीय स्थान और ग्राम भरेवा के तुलसी तोर अमृतवाणी मानस मण्डली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लेखनी सोनू चंद्राकर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीएस राजपूत ने जिला स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले ग्राम कुआंगांव के सुरसरोहण मानस मंडली को 50 हजार रुपए राशि का चेक, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मानस मण्डली प्रतिभागियों को भी स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका में ए.पी.सी. यू.के.शर्मा, अशोक कश्यप और शिक्षिका शकुंतला सिंह राजपूत शामिल रहे

जिला स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागी जांजगीर-चांपा जिले के शिवरीनारायण में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता में शामिल होंगे। इससे पहले जिला स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता का भगवान श्रीराम और मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। जिला स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता में जिले के तीनों विकासखण्ड में आयोजित रामायण मण्डली प्रतियोगिता से चयनित कुल 09 मानस मण्डली प्रतिभागी शामिल हुए। जिला स्तरीय प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लेखनी सोनू चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों में चलना चाहिए। उनके आदर्शों को अपनाते हुए अपने माता-पिता की सेवा करने की बात कही। नगर पालिका परिषद मुंगेली के अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी ने कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि जिस प्रभु श्रीराम का हम सुबह स्मरण करते हुए उठते हैं। उस प्रभु श्रीराम का रामायण मण्डली के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हमें जीवन में किन-किन बातों का निर्वहन करना चाहिए यह रामायण से सीखने को मिलती है। कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि रामायण मण्डली का आयोजन का मुख्य उद्देश्य राज्य शासन द्वारा इसका संरक्षण और संवर्धन किया जाना है। उन्होंने जिला स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। छ.ग. अनुसूचित जाति प्राधिकरण के सदस्य सुश्री रत्नावली कौशल, पुलिस अधीक्षक डी. आर. आँचला, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीएस. राजपूत ने भी रामायण मण्डली प्रतियोगिता कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक सोनी ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रजनी मानिक सोनवानी, वशी उल्लाह खान, नगर पालिका परिषद मुंगेली के पार्षदगण, गणमान्य नागरिक शिवकुमार बंजारा, रामकुमार साहू, मुंगेली अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमित कुमार, संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

पहले अपनी हथेली तक नहीं देख पाते थे, अब देख रहे हैं रंगीन दुनिया

■ राज्य को मोतियाबिंद मुक्त करने की ओर एक और कदम

रायपुर/नवप्रदेश। उम्र के साथ बढ़ने वाला मोतियाबिंद (डेवलपमेंट कैटरेक्ट) से परेशान ग्राम दोंदेकला निवासी उधव राम यादव और दादू राम यादव (दोनों 35 वर्षीय) लगभग 12 वर्ष की आयु से डेवलपमेंट कैटरेक्ट (उम्र के साथ बढ़ने वाला मोतियाबिंद) से परेशान थे 7 यहां तक की वे दोनों नजदीक की चीज भी देखने में असमर्थ होने लगे थे । स्थिति धीरे-धीरे बिगड़ती चली गई और कहीं पर भी अकेला जाना संभव ही नहीं रहा । इसी बीच स्वास्थ्य विभाग द्वारा दोंदेकला में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें इनकी समस्या को समझा गया और नियमित उपचार से जोड़ा गया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) दोंदेकला के नेत्र सहायक अधिकारी संजय पाटिल बताते है, दोनों मरीजों के आँख में डेवलपमेंट कैटरेक्ट गंभीर स्तर का पाया गया टीम द्वारा उनको डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर [मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रायपुर (मेकाहारा)] पहुंचाया गया जहां मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किया गया ।

डेवलपमेंट कैटरेक्ट एक जटिल प्रक्रिया हो जाती है जिसमें दृष्टि का स्तर काफी कम होता है। अगर समय पर ऑपरेशन नहीं होता तो दृष्टि जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता था, श्री पाटिल ने कहा। उधव राम यादव बताते है कि जब वे 12 साल के थे उनकी देखने की क्षमता धीरे-धीरे खत्म होती चली गई पहले तो कुछ समझ में नहीं आया लेकिन बाद में जब प्राइवेट अस्पतालों में दिखाया तो पता चला मोतियाबिंद है। इलाज का काफी खर्चा था आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के कारण वे इलाज नहीं करवा पाए।

वही दादू राम यादव बताते हैं कि जब उनकी आयु 11 वर्ष थी तब से वह इस समस्या से जूझ रहे हैं धीरे-धीरे दिखना बंद हो गया । हाथ की उंगलियां भी नहीं दिखती

डेवलपमेंट मोतियाबिंद का हुआ सफल इलाज

थी प्राइवेट अस्पताल में जाकर दिखाया तो उन्होंने बताया कि दादू राम की आंख की रोशनी मोतियाबिंद के कारण चली गई है और इसके इलाज में काफी खर्च आएगा इसी डर के कारण वे दोबारा अस्पताल नहीं गए । फिर एक दिन हमारे ग्राम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) दोंदेकला द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हमारी आंख की जांच की गई और उन्होंने हमें बताया कि घबराने की जरूरत नहीं है, आप का इलाज शासकीय अस्पताल में निःशुल्क किया जाएगा । प्राथमिक जांच के उपरांत हमारे मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया तीसरे दिन आज हमें छुट्टी दी गई है पहला दिन जांच में लगा दूसरे दिन में ऑपरेशन हुआ तीसरे दिन पट्टी खोली और आज हम अपने घर जा रहे हैं अब हम बेहतर और रंगीन दुनिया देख सकते हैं।

नेत्र विशेषज्ञ डॉ. संतोष सिंह पटेल बताते हैं अज्ञानता और सही इलाज ना मिलने के कारण, लोगों में तरह-तरह की भ्रांतियां विकसित हो जाती है। डेवलपमेंट कैटरैक्ट के रोगी को दिनचर्या के काम करने में भी परेशानी आने लगती है उसे दूसरे पर निर्भर हो जाना पड़ता है। लेकिन इसका इलाज है यदि आंख में किसी भी प्रकार की समस्या महसूस हो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। राज्य में अब आंखों के लिए भी राज्य स्तरीय नेत्र चिकित्सालय माना में बनाया गया है। जहां पर फेको फोल्डेबल के माध्यम से एडवांस टेक्नोलॉजी में ऑपरेशन की सुविधा संभव है। ऑपरेशन से पूर्व प्राथमिक जांच की गई प्राथमिक जांच के उपरांत ऑपरेशन किया गया, डॉ. संतोष सिंह ने कहा।

उन्होंने आगे बताया कि उनकी टीम द्वारा सफल ऑपरेशन सुरक्षित रूप से किया गया जिसमें कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए ऑपरेशन पूर्ण हुआ।

नेत्र सुरक्षा के लियें क्या करें

40 वर्ष से ऊपर की आयु वर्ग के लोगों को साल में दो बार नेत्र विशेषज्ञ से नेत्र की जांच करानी चाहिए, बच्चों को मोबाइल और टीवी से दूर रखना, आंखों को दिन में कम से कम पांच बार धोना नियमित रूप से जल का सेवन करना और आंख की सुरक्षा हेतु बिना जानकारी के कोई भी दवा या चश्मे का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री उइके 8 अप्रैल तक दिल्ली व चंडीगढ़ के दौरे पर

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके 3 से 8 अप्रैल तक अपने दिल्ली व चंडीगढ़ प्रवास के लिए आज राजभवन से रवाना हुई। अपने चंडीगढ़ प्रवास के दौरान राज्यपाल 4 अप्रैल को पंजाब विश्वविद्यालय के डॉ. हरवंश सिंह जज दंत चिकित्सा महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित व्हाईट कोट सेरेमनी में शामिल होंगी। तत्पश्चात राजयपाल सुश्री उइके दिल्ली प्रवास पर रहेंगीं, जहां वे गणमान्य नागरिकों से मुलाकात करेंगी।

सीएम ने जनप्रतिनिधियों एवं लोंगो से की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने जगदलपुर प्रवास के दौरान शनिवार 2 अप्रैल को सर्किट हाऊस में जनप्रतिनिधियों एवं आम लोंगो से मुलाकात कर उनकी मांगों और समस्याएं सुनी। मुख्यमंत्री ने सभी आगन्तुकों से आत्मीय मुलाकात कर उनके मांगो एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई का आश्वासन भी दिया।

सीएम बघेल ने मां दन्तेश्वरी एवं मावली माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान मां दन्तेश्वरी एवं मावली माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और प्रदेश के सुख-समृद्धि हेतु प्रार्थना की। इसके उपरांत मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सेवादारों को भोजन कराया साथ ही धोती-कुर्ता एवं भेंट दी।

ग्रामीणों पर लाठीचार्ज, आम आदमी पार्टी की जांच टीम पहुंची नारायणपुर

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी का जांच दल आज रायपुर पहुंचा । तथ्यों के अनुसार जिला प्रशासन से अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे थे ग्रामीण , प्रशासन ने लाठी चार्ज करवाया ,आखिर क्यों प्रशासन ग्रामीणों से बात नहीं करना चाहती ,इस से साफ पता चलता प्रशासन की लापरवाही कितनी है। प्रशासन के आला अधिकारी ग्रामीणों से बात ही नही की और लोगो के ऊपर लाठीचार्ज कर मामले को दबाना की पुरजोर कोशिश की गई। स्थानीय लोगो के द्वारा खुदाई के

आंबटन के मामले को लेकर कई महीनो से शिकायत की गई थी मगर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। प्रशासन फर्जी तरीके से कंपनी को आयरन माइन्स का आबंटन कर फायदा पहुंचा रही हैं। प्रभावित गावों के लोग अपनी मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन देने पहुंचे थे। प्रशासन ने गम्भीर मामले को दबाने के लिए ग्रामीणों के ऊपर लाठीचार्ज किया और बड़ी संख्या में ग्रामीण घायल हुए।घटना के बाद भी शासन प्रशासन ने ग्रामीणों की मांगो को लेकर कोई पहल नहीं की। मामले की गंभीरता के देखते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने प्रदेश स्तरीय जांच टीम गठित की है।जांच टीम के सदस्य समीर खान प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंखयक, देवलाल नरेठी प्रदेश उपाध्यक्ष, जगमोहन बघेल पूर्व विधायक प्रत्याशी बस्तर, नरेंद्र नाग जिला अध्यक्ष नारायणपुर आज ग्रामीणों से मुलाकात कर मामले की जानकारी ली जल्द जांच टीम इस मामले को लेकर जांच रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी जी को सौपेगी प्रशासन की लापरवाही एवं आदिवासियों के ऊपर लाठीचार्ज को लेकर आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रशासन एवं सरकार की चूक का खुलासा करेंगे। नारायणपुर के ग्रामीणों हुए लाठीचार्ज पर आम आदमी पार्टी द्वारा गठित जांच टीम में प्रदेश उपाध्यक्ष देवलाल नरेठी, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक समीर खान, पूर्व विधायक प्रत्याशी जगमोहन बघेल, जिला अध्यक्ष नरेंद्र नाग घटना स्थल पहुंच कर ग्रामीणों से मुलाकात किया गया।

अस्पतालों में 15 अप्रैल तक मनाया जाएगा स्वच्छता पखवाड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। जिला अस्पतालों में स्वच्छता पखवाड़ा 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक मनाया जाएगा स्वच्छता पखवाड़े में अस्पताल परिसर में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा। मातृ एवं शिशु जिला अस्पताल कालीबाड़ी में स्वच्छता बनाए रखने की शपथ लेकर स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत की गई।

स्वास्थ्य विभाग की इस नई मुहिम के संदर्भ में सिविल सर्जन डॉ. पीके गुप्ता ने बताया, अस्पताल परिसर को स्वच्छ रखने साथ ही वार्डों में साफसफाई पर विशेष जोर रहेगा। स्वच्छता पखवाड़ा हमें याद दिलाता है कि हमें नियमित रूप से स्वच्छता का पालन करते रहना है । इसी कड़ी में शपथ लेकर

शपथ लेकर हुई पखवाड़े की शुरुआत

पखवाड़े की शुरुआत की गई इस शपथ में विशेष रूप से यह निर्णय लिया गया प्रत्येक व्यक्ति कम से कम अपने काम में कुछ समय स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करेगा ताकि परिसर के आसपास और वार्डों में साफ-सफाई बनी रहे।

शपथ में विशेष रूप से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद किया गया और उनके द्वारा एक स्वच्छ और विकसित देश की कल्पना की भी चर्चा की गई। शपथ लेने वालों ने कहा कि हमारा कर्तव्य कि हमारे अस्पतालों, सार्वजनिक एवं आवासीय स्थानों के आसपास की गंदगी को साफ करके स्वच्छ और स्वस्थ छत्तीसगढ़ का निर्माण करना है। इसके लिए शपथ लेनी होगी और अपने कार्यस्थल, सार्वजनिक स्थलों एवं आसपास के स्थानों को स्वच्छ बनाने के प्रति सजग होगा। सप्ताह में दो घंटे स्वच्छता बनाने के लिए श्रमदान करूँगा/करूँगी एवं अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करूंगा/करूंगी और छत्तीसगढ़ को स्वच्छ बनाने में योगदान करूंगा/करूँगी।

अस्पताल कंसलटेंट डॉ. नीरज ओझा ने बताया, 'स्वच्छता पखवाड़े में अस्पताल में आने वाले आम लोगों को स्वच्छता के लिए हम जागरूक भी करेंगे। 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक स्वच्छता पखवाड़ा चलाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। पन्द्रह दिनों तक यह पखवाड़ा चलेगा। सभी लोगा अपने अपने वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों में स्वच्छता का संदेश देंगे। इसके मद्देनजर सफाई कर्मियों से लेकर चिकित्सक अपने आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे। इस आयोजन को लेकर अस्पताल में विशेष टीम का गठन किया गया है, जो चिकित्सकों और अन्य स्टाफ पर सफाई को लेकर नज़र रखेगा। अस्पताल में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता संबंधी कई कार्यक्रम अस्पताल परिसर में आयोजित किए जाएंगे।

शपथ कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सक, चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारी एवं अस्पताल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

गुरू तेगबहादुर जी की जयंती एवं गुरूद्वारा नानक सागर गढ़फुलझर पर व्यापक चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। सिक्ख समाज छत्तीसगढ़ द्वारा सिक्खों के नौवें गुरू गुरू तेगबहादुर सिंह जी के 400वें प्रकाश पर्व को समर्पित 9 अप्रैल से 19 अप्रैल तक पूरे छत्तीसगढ़ में संदेश यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें हिन्द की चादर की उपाधि पाने वाले ऐसे महान गुरू के संदेश उनके विचार, जीवनी, त्याग बलिदान के लिटरेचर के माध्यम से जनता तक पहुंचाये जायेंगे। संदेश यात्रा में उनकी निशानी तथा गुरू ग्रंथ साहिब के साथ खालसाई शान के साथ पांच प्यारों की अगुवाई में 9 अप्रैल को नगरकीर्तन गुरूद्वारा स्टेशन रोड रायपुर से दोपहर 2 बजे निकलेगा। जो तेलघानी नाका, आमापारा, राजकुमार कॉलेज होते हुये टाटीबंध गुरूद्वारे तक जायेगा। दूसरे दिन संदेश यात्रा सुबह 8 बजे आरंभ होकर कुम्हारी, चरोदा, भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव, तुमड़ीबोड़ होकर डोंगरगढ़ तक जायेगी। 19 अप्रैल को संदेश यात्रा का समापन रायपुर में होगा। 23 एवं 24 अप्रैल को देश के जाने माने किर्तन जत्थों द्वारा शबद कीर्तन एवं कथा वाचन साईंस कालेज के विशाल मैदान में होगा।

गुरूनानक देव जी के अमरकंटक से जगन्नाथ पुरी की अपनी धार्मिक यात्रा के दौरान 2 दिनों तक ग्राम गढ़फुलझर बसना के पास रूककर तपस्या की थी। उनकी चरण स्थली पर भव्य तीर्थ स्थल बनाने का निर्णय सिक्ख समाज द्वारा लिया गया है। पर्यटन स्थल बनाये जाने के संबंध में समाज का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भी मिल चुका है। गुरूद्वारा नानक सागर साहिब तीर्थस्थल गढ़फुलझर का ड्राइंग डिजाइन अंतिम रूप से तैयार किया जा रहा है।अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेन्द्र छाबड़ा, सिक्ख समाज के संयोजक सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा एवं स्टेशन रोड गुरूद्वारा के अध्यक्ष निरंजन सिंह खनूजा ने संयुक्त रूप से बताया कि दोनों ही विषयों पर व्यापक चर्चा करने छत्तीसगढ़ के सभी गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटियों, सिक्ख समाज के पदाधिकारी, लेडिस विंग, यूथ विंग तथा सभी सामाजिक संगठनों के प्रमुख तथा सिक्ख समाज के वरिष्ठजनों को आज के सेमीनार में संदेश यात्रा कीर्तन समागम तथा गुरूद्वारा नानक सागर गढ़फुलझर के निर्माण पर विस्तृत चर्चा कर अंतिम रूप देने आमंत्रित किया है।

मुख्यमंत्री ने युवोदय रथ को रायपुर भ्रमण के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शनिवार 2 अप्रैल को अपने जगदलपुर प्रवास के दौरान सर्किट हाउस जगदलपुर में युवोदय के वालंटियर्स को रायपुर भ्रमण हेतु ले जाने वाली युवोदय रथ को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, सांसद बस्तर दीपक बैज, संसदीय सचिव रेखचंद जैन, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप सहित संभागायुक्त श्याम धावड़े, पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी, कलेक्टर रजत बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंन्द्र मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

भूपेश है तो भरोसा है से गूंजा टाउन हाल

रायपुर/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय के टाउन हॉल में आयोजित पुरानी पेंशन आभार समारोह में शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को पूरा करने पर मुख्यमंत्री का जोर शोर से अभिनंदन किया। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ बस्तर संभाग के पदाधिकारियों ने शिक्षकों के साथ राज्य के समस्त शासकीय कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना की सौगात देने पर मुख्यमंत्री को लड्डुओं से तोलकर और गज माला से स्वागत कर आभार प्रकट करते हुए कहा कि पेंशन योजना की बहाली से समस्त कर्मचारियों को बुढ़ापे का सहारा मिला है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में राज्य के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि पुरानी पेंशन योजना आप सभी का अधिकार है, जिसे आपको वापस प्रदान करने पर संतोष मिला है।

इससे निश्चित ही सभी कर्मचारियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। शिक्षकों द्वारा लगाए जा रहे नारे अब काहे का टेंशन, मिल गया है टेंशनष् नारा मात्र नहीं अपितु यथार्थ है। पुरानी पेंशन लागू होने से समस्त कर्मचारी निश्चिंत होकर अपना शत प्रतिशत देंगे। कोविड काल के दौरान विषम परिस्थितियों में भी शिक्षकों ने प्रदेश भर में शिक्षा की अलख को जगाए रखा, बच्चे पढ़ाई से वंचित ना रहे इसलिए बुल्टू के बोल, पढ़ाई तुंहर अंगना जैसे नवाचार किए, यह शिक्षकों के समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने समृद्ध, सुसंस्कारी और शक्तिशाली राज्य बनाना शिक्षकों का कर्तव्य है जिसे वे पूर्ण कर रहे है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में शासकीय विद्यालयों के तरफ छात्रों का रुझान बढ़ा है।

छग मॉडल को नीति आयोग ने सराहा

रायपुर/नवप्रदेश। नीति आयोग की टीम के द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के छत्तीसगढ़ मॉडल की सराहना करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि नीति आयोग ने एक बार फिर से भूपेश सरकार की नीतियों को देश में सर्वोत्तम है। नीति आयोग ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की नीतियों के कारण राज्य इज ऑफ डूइंग बिजनेस में 6वें पायदान पर और एक्सपोर्ट इंडेक्स में 4थे पायदान पर है जो बड़ी उपलब्धि है। नीति आयोग गोधन न्याय योजना की तारीफ करते हुये इसे पूरे देश में लागू करना चाहिये। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भूपेश सरकार के प्रयासों से छत्तीसगढ़ में कृषि उत्पाद बढ़े है। सरसों में 22 प्रतिशत, सोयाबीन के उत्पादन में 14 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार का काम बोलता है जो जनहित के कार्यो को प्राथमिकता से करेगा उसकी प्रशंसा चहुंओर होती है। कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में जनता से जो कहा उसे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने पूरा किया है। छत्तीसगढ़ मॉडल की गूंज देश के भीतर और सीमा पार भी गूंज रही है। छत्तीसगढ़ मॉडल जिसमें किसानों को धान की कीमत 2500 रु दिया जा रहा है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से दलहन-तिलहन उत्पादक किसानों को प्रति एकड़ 10 हजार का अतिरिक्त लाभ मिल रहा है जिसके चलते सरसों और सोयाबीन के उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है। तेंदूपत्ता का मानक दर

2500रु से बढ़ाकर 4000रु प्रति बोरा दिया जा रहा है। 61 वनोपज की समर्थन मूल्य में खरीदी हो रही है। शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग सहित सभी सरकारी विभागों के रिक्त पदों में भर्ती चल रही है। युवाओं को रोजगार स्वरोजगार और सरकारी नौकरी के अवसर मिल रहे हैं। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के माध्यम से 7000 रु प्रतिवर्ष भूमिहीन श्रमिक परिवार को दिया जा रहा है, इसमें लोहार, मोची के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिरों में पूजा पाठ करने वाले पुजारियों को भी योजना से जोड़कर लाभ दिया जा रहा है। गौधन न्याय योजना में दो रु किलो में गोबर खरीदी कर पशुपालको को गोबर बिनने वालो के साथ महिला स्व-सहायता समूह भी जुड़कर आर्थिक लाभ प्राप्त कर रही है। छत्तीसगढ़ मॉडल की गोधन न्याय योजना पूरे देश में छुट्टा आवारा पशुओं के सड़को में खेत खलिहानों में घूमने से रोकने का सबसे बड़ी योजना बनकर उभरी है। स्वयं प्रधानमंत्री जी भी अपने भाषणों में यूपी में छुट्टा पशुओ की समस्या के लिए 10 मार्च के बाद योजना बनाने की घोषणा कर अप्रत्यक्ष रूप से छत्तीसगढ़ सरकार की गोधन न्याय योजना की चर्चा की है। इससे पशुधन का नस्ल सुधार होगा। गोबर से बने वर्मी कम्पोस्ट खाद का इस्तेमाल खेती-किसानी में होने से कृषि लागत मूल्य में कमी आयेगी। कृषि जमीन की ऊर्वरा शक्ति बढ़ेगी। रसायनिक खादों पर निर्भरता खत्म होगी।

घोषणा पत्र के वायदे कांग्रेस के लिए पत्थर की लकीर

■ 17 को खैरागढ़, छुईखदान, गंडई जिला बनेगा : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। खैरागढ़ को जिला बनाने के कांग्रेस के वायदे पर भाजपा की तिलमिलाहट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि 15 सालों तक खैरागढ़ को जिला नहीं बनाने वाले कांग्रेस के वायदे और इरादे पर किस नैतिकता से सवाल खड़ा कर रहे। कांग्रेस ने वायदा किया है और हम वायदा करने की स्थिति में है हम जिला बनायेंगे। घोषणा पत्र के वायदे कांग्रेस के लिये पत्थर की लकीर है। 17 को खैरागढ़, छुईखदान, गंडई जिला बनेगा। चुनाव घोषणा पत्र कांग्रेस के लिये पवित्र दस्तावेज है।

चुनाव में कांग्रेस पार्टी जनता से जो वायदा करती है उसे पूरा करती है। चुनाव में जनता से वायदा करना हर राजनैतिक दल का लोकतांत्रिक अधिकार है।

खैरागढ़ में कांग्रेस ने क्षेत्र के विकास के लिये जनता से वायदा किया है तो भाजपा बतायें उसे खैरागढ़ में कांग्रेस के घोषणा पत्र जारी करने पर तिलमिला क्यों रही है? जनता कांग्रेस के घोषणा पर भरोसा कर रही है क्योंकि जनता को मालूम है कि कांग्रेस जो कहती है उसे करती है। भाजपा राजनैतिक दल के रूप में खैरागढ़ की जनता से कुछ भी वायदा करने की स्थिति में नहीं है क्योंकि 15 साल तक सरकार में रहने के बाद भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र को

जनता से वायदा खिलाफी का दस्तावेज बना रखा था इसलिये भाजपा घोषणा पत्र जारी करने का भी साहस नहीं दिखा पा रही है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस घोषणापत्र को पवित्र ग्रंथ की तरह माथे से लगाकर सारे के सारे वादे पूरे करने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई है और आधे कार्यकाल में ही नब्बे फीसदी वादे पूरे करके जनता का विश्वास जीता है। अब खैरागढ़ जिला बनने जा रहा है तो भाजपा के रमन सिंह से लेकर विष्णुदेव साय तक इसका विरोध कर रहे हैं। भाजपा का यह विरोध खैरागढ़ की जनता की उम्मीदों का विरोध है।

खैरागढ़ की बेहतरी का विरोध है। भाजपा नहीं चाहती कि खैरागढ़ की जनता को राहत मिले। खैरागढ़ जिला बने। खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के हर गांव, कस्बे का विकास हो।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि हर चुनाव में हारते जाने के बाद भी भाजपा जनता के हितों का विरोध करने की राजनीति से बाहर नहीं निकल पा रही है।

भाजपा ने सत्ता में रहते हुए जनविरोधी नीतियों को गले लगाया और सत्ता से सड़क पर आ जाने के बाद भी वह जनता की खुशहाली की योजनाओं का विरोध कर रही है। कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार जनता को राहत दे रही है तो भाजपा जनता को आहत कर रही है।

संपादकीय

प्रलोभन परोसने पर लगे रोक

हाल ही में जिन पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए है उनमें से पंजाब में आम आदमी पार्टी ने प्रंचड बहुमत हासिल कर अपनी सरकार बनाई है। आम आदमी पार्टी के सुप्रीमों और नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जब चुनावी घोषणा पत्र जारी किया था। तब उन्होंने पंजाब के लोगों से वादा किया था कि जिस दिन पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी उसी दिन हमारी पार्टी का मुख्यमंत्री सभी लोगों को तीन सौ यूनिट बिजली फ्री देने के आदेश पर हस्ताक्षर करेगा। आम पार्टी की सरकार बने एक पखवाड़े से भी ज्यादा का समय हो गया है लेकिन अभी तक पंजाब में लोगों को तीन सौ यूनिट बिजली फ्री देने का आदेश जारी नहीं हुआ है। आम आदमी पार्टी अब इसमें किन्तु परंतु लगा रही है। यह जनता के साथ धोखा नहीं तो और क्या है। अभी तो पंजाब में महिलाओं को एक-एक हजार रुपए की पेंशन देने की भी बारी है। यह पैसा भी वहां की सरकार कहां से लाएगी। यह बड़ा यक्ष प्रश्न है। चुनाव जीतने के लिए आम आदमी पार्टी ने मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली कई घोषणाएं कर दी थी। अब जबकि उन घोषणाओं पर अमल करने की बारी आई है तो वह बदले झांकने लगी है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पंजाब के लिए एक हजार करोड़ रुपए के विशेष पैकेज की मांग कर चुके है। उन्होंने पंजाब की खस्ता वित्तीय स्थिति का हवाला देते हुए कहा है कि पंजाब पर लगभग ढाई लाख करोड़ रुपए का कर्ज है इसलिए केन्द्र सरकार उसे विशेष पैकेज दें। जबकि चुनाव के दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि पंजाब में पैसों की कोई कमी नहीं है हमने सारा हिसाब लगा रखा है और हम अपने सभी चुनावी वादे पुरे करेंगे। जब भगवंत सिंह मान द्वारा केन्द्र से पैसे मांगे जाने की बात को लेकर अरविंद केजरीवाल से पत्रकारों ने सवाल किया तो उन्होंने जवाब में कहा कि केन्द्र की सरकार भी हमारी अपनी सरकार है प्रधानमंत्री भी हमारे है इसलिए उनसे हमनें पैसे मांगे है। दरअसल चुनाव जीतने के लिए दिल्ली मॉडल लागू तो कर दिया गया है लेकिन अब संसाधनों की कमी देखकर आम आदमी पार्टी अपने वादों को मूर्त रूप देने में हिल हवाला कर रही है। अन्य राजनीतिक पार्टियां भी चुनाव के दौरान वोट कबाड़ने के लिए इसी तरह के प्रलोभन परोसती रही है और सरकार बन जाने पर अपने वादों से मुकरती रही है। अब समय आ गया है कि प्रलोभन परोसने की यह परंपरा खत्म की जाए। मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए मुफ्त में कोई भी चीज या सुविधा देने की घोषणा पर रोक लगाई जाए। चुनाव आयोग की अपनी एक सीमा है। इसलिए वह चाह कर भी प्रलोभन परोसने की होड़ को खत्म नहीं कर सकता ऐसे में एक ही रास्ता है कि सर्वोच्च न्यायालय इसे स्वतः संज्ञान में ले और मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली घोषणाओं पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाए तभी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित होंगे और भारतीय लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी।

विविध

भारत की बढ़ती वैश्विक साख

प्रेम शर्मा

कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौरान कोरोना के टीके निर्माण करने के साथ इसकी बहुतायत देशों को आपूर्ति सहित कई तरह की सेवाएं देकर भारत ने अपना सहयोगी रूख विश्व को दिखाया था। आज यूक्रेन और रूस के बीच चल रही जंग को रोकने के लिए रूस से युद्ध रोकने की अपील कर भारत ने अपना रूख स्पष्ट कर दिया है। पिछले कुछ वर्षो में भारत की तटस्थ भूमिका, आपदाओं के दौरान किए गए व्यवहार का परिणाम है कि चीन और अमरीका की आर्थिक नीतियों एवं दादा बनने की ललक के चलते इन दोनों देशों को छोडकर विश्व का हर देश चाहे जापान, आस्टेलिया, नेपाल, श्रीलंका, यूक्रेन, रूस आदि किसी न किसी मसले में भारत से सहयोग ले रहे है या दे रहे है। पिछले कुछ वर्षो में वैश्विक स्तर पर भारत के प्रति अन्य देशों का विश्वास प्रबल हुआ है। इसमें कोई संदेह नहीं कि पिछले कुछ वर्षो में वैश्विक राजनीति में भारत का कद बढ़ा है। चाहे रूस का खेमा हो या अमेरिका का, सब समझ रहे हैं कि भारत को अब दबाया नहीं जा सकता। और आखिर भारत को किसी के आगे झुकना भी क्यों चाहिए! वह चाहे जिससे तेल खरीदे या हथियार खरीदे, यह उसकी स्वतंत्र नीति और उसका अधिकार है।भारत ने रूस से फौरन युद्ध खत्म करने की अपील कर अपना रुख साफकर दिया है। शुक्रवार को दिल्ली में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफकहा कि युद्ध अब बंद होना चाहिए और शांति के प्रयासों में रूस जो भी मदद चाहेगा, भारत उसमें अपना योगदान देगा। रूसी विदेश मंत्री लावरोव ऐसे वक्त में भारत आए हैं जब यूक्रेन पर रूस के हमले जारी हैं और युद्ध रोकने के लिए तुर्की में शांति वार्ता के दौर भी चल रहे हैं। ऐसे में रूस के विदेश मंत्री लावरोव की भारत यात्रा ज्यादा महत्त्वपूर्ण इसलिए भी मानी जा रही है कि गुरुवार को अमेरिका के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार दलीप सिंह और ब्रिटेन की विदेश मंत्री एलिजाबेथ ट्रुस ने भी नई दिल्ली पहुंच कर विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की थी और भारत पर रूस के खिलाफकड़ा रुख अख्तियार करने का दबाव बनाया था। लेकिनलावरोव की यात्रा से यह तो साफ हो गया है कि भारत के साथ रिश्तों को लेकर रूस आज भी पहले जितना ही आश्वस्त है।

देवियों का गढ़ है छत्तीसगढ़

विजय मिश्रा 'अमित'

छत्तीसगढ़ के कुछ अन्य प्रसिद्ध देवी मंदिर

छत्तीसगढ़ में देवी मां के और भीअनेक सिद्ध स्थल हैं। जिनमें घुंच्चापाली बागबाहरा की चण्डी मां,धमतरी की बिलाई माता,अगांरमोती माता, रायपुर की बंजारी, कंकाली माता, गरियाबंद में घटारानी जतमई माता, झलमला में महामाया, सूरजपुर में कुदरगढ़ी माता,कोरबा मड़वारानी धमधा में त्रिमूर्ति महामाया मंदिर, बेमेतरा में सिद्धि माता,भद्रकाली मंदिर, कवर्धा में हिंगलाज माता, कोंडागांव में तेलीन सती, बंजारी माता,अम्बिकापुर में महामाया समलेश्वरी देवी माता के मंदिर शामिल हैं।

अनादि काल से देवी उपासना का केंद्र छत्तीसगढ़ रहा है। पुराने जमाने में यहां के सामंतों जमीदारों और राजा महाराजाओं ने कुलदेवी की स्थापना की है।यहां खेत- खलिहान,डोंगरी-पहाड़,गांव -शहर में देवियों का वास होता है।

छत्तीसगढ़ महतारी क्यों?

आपको बताते चलें कि संभवतः दुनिया का कोई भी देश अपने देश को माता नहीं कहता।भारतवासी कहते हैं भारत माता।भारत के किसी भी राज्य के लोग अपने राज्य को माता नहीं कहते। छत्तीसगढ़ के लोग कहते हैं छत्तीसगढ़ महतारी। दरअसल छत्तीसगढ़ के कण-कण में देवी मां अपने विविध रूप- नाम से विराजती है। छत्तीसगढ़ में पांच प्रमुख ऐसे धार्मिक स्थल है जिन्हें श्रद्धालुजन शक्तिपीठ की तरह विशेष महत्व देते हैं। जिनमें डोंगरगढ, दंतेवाड़ा, चंद्रपुर, रतनपुर और खल्लारी शामिल है।शक्ति पीठ ऐसे पूजा स्थलों को कहते हैं,जहां कि माता सती के निष्प्राण शरीर से विभिन्न अंग गिरे थे। माता सती के मृत देह को लेकर शिव जी ने तांडव करते ब्रह्मांड का विचरण किया था। इस दौरान माता सती के अंग जहां-जहां गिर गए उन स्थलों को शक्तिपीठ के रूप में मान्यता मिली है। शक्ति स्वरुपा मां दुर्गा छत्तीसगढ़ की अधिष्ठात्री है। देवी के छोटे बड़े मंदिरों में नवरात्रि पर्व पर अखण्ड ज्योति जलाने,और जंवारा बोने की प्राचीन परम्परा है। हज़ारों हज़ारों की संख्या में प्रज्वलित ज्योति भक्तजनों को मोहित करती है। दिन-रात जलने वाली ज्योति की देखभाल के लिए सेवक नियुक्त होते हैं। बंद कलश कक्ष में तपिश- धूएं के बीच निष्ठापूर्वक कार्यरत वे ज्योति को बूझने नहीं देते।

रतनपुर की महामाया देवी

बिलासपुर जिले में कोरबा मार्ग पर रतनपुर में महामाया देवी विराजमान है।राजा रत्न देव द्वारा ग्यारवीं शताब्दी में निर्मित मंदिर की कथा है कि वे शिकार के लिए आए थे। तब अर्धरात्रि के समय वहां एक विशाल वृक्ष के नीचे उन्होंने दिव्य प्रकाश को देखा।जिसमें उन्हें आदिशक्ति देवी के दर्शन हुए तब उन्होंने वहां मंदिर का निर्माण करवाया। मंदिर में महाकाली महासरस्वती और महालक्ष्मी देवी की प्रतिमाएं हैं।ऐसी मानयता है कि रतनपुर में महामाया देवी का सिर है और उनका धड़ अंबिकापुर में स्थित है।यहां निर्मित मंदिर का मंडप सोलह स्तंभों में टिका हुआ है ।गर्भ गृह में मां महामाया की प्रतिमा के पृष्ठ भाग में मां सरस्वती की भी प्रतिमा है। दंतकथा के अनुसार देवी सती का दाहिना स्कंध यहां गिरा था। भगवान शिव ने इस स्थल को कौमारी शक्तिपीठ का नाम दिया था।

चंद्रपुर की चंद्रहासिनी देवी

छत्तीसगढ़ के डबरा तहसील जांजगीर-चांपा जिले के मांड और महानदी के संगम पर स्थित चंद्रपुर में चंद्रहासिनी देवी का मंदिर है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यहां माता सती का बांया कपोल गिरा था।संबलपुर के राजा चंद्रहास ने देवी मंदिर का निर्माण करवाया था।ऐसा माना जाता है कि चंद्रसेनी देवी सरगुजा से आकर यह विराजमान हुई है।देवी का मुख चंद्रमा की आकृति जैसा होने के कारण इन्हें चंद्रहासिनी,चंद्रसेनी मां के नाम से जाना जाता है, मंदिर परिसर में अर्धनारीश्वर, महाबली हनुमान, द्रोपदी चीर हरण, महिषासुर वध, शेषनाग विष्णु सैया, कृष्ण लीला सहित अनेक विशाल मूर्तियां निर्मित है जिन्हें देखकर सहज ही धार्मिक कथाओं का ज्ञान होता है। माता के मंदिर से कुछ दूरी पर महानदी के बीच बने टापू में मां नाथल दाई का मंदिर स्थित है।बड़ी बहन चंद्रहासिनी देवी के दर्शन उपरांत छोटी बहन माता नाथलदाई का दर्शन भी अनिवार्य माना जाता है।

दंतेवाड़ा में दंतेश्वरी देवी

घने वनांचल बस्तर में स्थित दंतेवाड़ा में मां दंतेश्वरी देवी का प्राचीन मंदिर है।चौदहवीं शताब्दी में दक्षिण भारतीय वास्तु कलानुसार निर्मित मंदिर स्थल पर माता सती का दांत गिरा था।ऐसी मान्यता है कि आंध्र प्रदेश के वारंगल से यहां देवी जी का आगमन हुआ और शंखिनी-डंकनी नदी के तट पर वे विराजित हुई। वारंगल के राजाअन्नम देव ने मंदिर का निर्माण कर दंतेवाड़ा नगर बसाया था। मंदिर में काले ग्रेनाइट पत्थर से निर्मित छः भुजाओं वाली देवी की प्रतिमा स्थापित है। नक्काशी युक्त प्रतिमा के ऊपरी भाग में नरसिंह भगवान अंकित है।मंदिर में देवी के चरण चिन्ह मौजूद है। मंदिर के द्वार पर दाई बाईं ओर सर्प और गदाधारी दो द्वारपाल की मूर्ति है। मंदिर के सामने पत्थर से बना गरुड़ स्तंभ भी है।गर्भ गृह और महामण्डप का निर्माण एक ही पत्थर से किया गया है।काष्ठ,खपरैल आदि से निर्मित मंदिर में देवी दर्शन हेतु सीले हुए वस्त्र के बजाय धोती पहनकर जाना होता है।चमड़े से बनी वस्तुएं अंदर ले जाना वर्जित है। मंदिर के पास ही नदी के किनारे भैरव भाइयों का वास माना जाता है इसलिए इस स्थल को तांत्रिकों की साधना स्थली भी कहां जाता है।

डोंगरगढ़ में बम्लेश्वरी देवी

छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में शक्ति रूपा मां बमलेश्वरी देवी का मंदिर स्थापित है।लगभग ढाई हजार वर्ष पूर्व इसे कामाख्या नगरी के नाम से जाना जाता था। यहां राजा वीरसेन द्वारा मंदिर निर्माण-देवी जी की स्थापना की गई थी।सोलह सौ फीट ऊंची चोटी पर बड़ी बमलेश्वरी मां तथा पहाड़ी के नीचे छोटी बमलेश्वरी मां का मंदिर स्थित है।इन्हें राजा विक्रमादित्य की कुलदेवी भी कहा जाता है।पहाड़ी से सटा हुआ यहां एक सुंदर जलाशय कामकंदला है। राज्य की सबसे ऊंची चोटी पर विराजमान देवी दर्शन करने हेतु यहां रोपवे भी निर्मित है।यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र देवी स्थल है,जहां की रोपवे है।क्वांरऔर चैत्र मास की नवरात्रि में देशभर से यहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में आते हैं।इसीलिए यहां रेलवे स्टेशन पर अनेक नॉन स्टॉपेज ट्रेन का भी अस्थाई स्टॉपेज बनाया जाता है।धार्मिक पर्यटन दृष्टि से यह देश भर में केंद्र बना हुआ है।

खल्लारी की देवी मां

छत्तीसगढ़ के प्राचीन ऐतिहासिक देवी मंदिरों में खल्लारी माता का मंदिर शामिल है।प्राचीन काल में खल्लवाटिका के नाम से प्रसिद्ध यह स्थल महासमुंद जिले से बत्तीस किलोमीटर दूर है।पहाड़ी के ऊपर माता खल्लारी का मंदिर स्थित है। खल्लारी का अर्थ होता है दुष्टों का नाश करने वाला।पुराने जानकार लोग बताते हैं कि पहाड़ी के उपर खोह में देवी मां की उंगली के निशान थे।श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के कारण यहां मंदिर एवं सुसज्जित सीढ़ियों का निर्माण किया गया। नौ सौ सीढ़ियों की चढ़ाई उपरांत माता खल्लारी की मनोहारी मूर्ति के दर्शन होते हैं।पहाड़ी के नीचे भी माता का भव्य मंदिर है। जिसके बारे में कहा जाता है कि भक्तजनों को पहाड़ की ऊंचाई पर चढ़ने में होने वाली तकलीफ को देखते हुए माता ने अपने कटार को पहाड़ी से नीचे फेंका और जहां कटार गिरा उस स्थल पर शक्ति पीठ की स्थापना हुई।मंदिर का निर्माण चौदहवीं सदी में राजा ब्रम्हदेव के शासनकाल में हुआ। ऐसी मान्यता है कि महाभारत युग में इस पहाड़ी पर पांडव आए थे।उस पहाड़ी पर भीम के विशाल चरण चिन्ह,भीम चूल्हा और नाव के आकार में एक विशालकाय पत्थर भीम डोंगा,भीम हंडा है।भीम का विवाह राक्षसी हिडिंबा से होने तथा उनके पुत्र घटोत्कच की जन्मस्थली भी इसे कहा जाता है।

राजस्थान का लोकपर्व है गणगौर

रमेश सर्राफ

गणगौर विसर्जन के पहले दिन गणगौर का सिंजारा किया जाता है। लड़कियां मेहन्दी रचाती हैं। नये कपड़े पहनती हैं, घर में पकवान बनाये जाते हैं। सत्रहवें दिन लड़कियां नदी, तालाब, कुए, बावड़ी में ईसर गणगौर को विसर्जित कर विदाई देती हुई दुःखी हो गाती हैं:- गोरल ये तू आवड़ देख बावड़ देख तन बाई रोवा याद कर। गणगौर की विदाई का बाद कई महिनो तक त्यौहार नहीं आते इसलिए कहा गया है-''तीज त्यौहारा बावड़ी ले डूबी गणगौर''। अर्थात् जो त्यौहार तीज (श्रावणमास) से प्रारम्भ होते हैं उन्हें गणगौर ले जाती है। ईसर-गणगौर को शिव पार्वती का रूप मानकर ही बालाऐं उनका पूजन करती हैं। गणगौर के बाद बसन्त ऋतु की विदाई व ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत होती है।

राजस्थान का नाम सुनते ही मन अपने आप ही आनंदित हो उठता है। राजस्थान कि कुछ ऐसी ही तस्वीर लोगों के मन में बनी रहती है। जहां एक तरफ राजस्थान के बहादुर योद्धाओं की कहानियों से इतिहास भरा पड़ा है। वहीं यहां के पर्व त्यौहार भी अपने आप में अलग ही महत्व रखतें हैं। राजस्थानी परम्परा के लोकोत्सव अपने आप में एक पुरानी विरासत को संजोए हुए हैं। गणगौर भी राजस्थान का ऐसा ही एक प्रमुख लोक पर्व है। लगातार 17 दिनों तक चलने वाला गणगौर का पर्व मूलतः कुंवारी लड़कियों व महिलाओं का त्यौंहार है। राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हो गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती है। विवाहिता एंव कुवारी सभी आयु वर्ग की महिलायें गणगौर की पूजा करती है।

होली के दूसरे दिन से सोलह दिनों तक लड़कियां प्रतिदिन प्रातः काल ईसर-गणगौर को पूजती हैं। जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती है। इसी कारण इसे सुहागपर्व भी कहा जाता है। कहा जाता है कि चैत्र शुक्ला तृतीया को राजा हिमाचल की पुत्री गौरी का विवाह शंकर भगवान के साथ हुआ था। उसी की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है।

कामदेव मदन की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के तीसरे नेत्र से भष्म हुए अपने पति को पुनः जीवन देने की प्रार्थना की। रति की प्रार्थना से प्रसन्न हो भगवान शिव ने कामदेव को पुनः जीवित कर दिया तथा विष्णुलोक जाने का वरदान दिया। उसी की स्मृति में प्रतिवर्ष गणगौर का उत्सव मनाया जाता है। गणगौर पर्व पर विवाह के समस्त नेगचार व रस्में की जाती है।

राजस्थान की राजधानी जयपुर में गणगौर उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहता है। ईसर और गणगौर की प्रतिमाओं की शोभायात्रा राजमहल से निकलती है। इनको देखने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैनानी उमड़ते हैं। सभी उत्साह से भाग लेते हैं। इस उत्सव पर एकत्रित भीड़ जिस श्रृद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक अनुशासन में बंधी गणगौर की जय-जयकार करती हुई भारत की सांस्कृतिक परम्परा का निर्वाह करती है उसे देख कर अन्य धर्मावलम्बी भी इस संस्कृति के प्रति श्रृद्धा भाव से ओतप्रोत हो जाते हैं। ढूंढाड़ की भांति ही मेवाड़, हाड़ौती, शेखावाटी सहित इस मरुधर प्रदेश के विशाल नगरों में ही नहीं बल्कि गांव-गांव में गणगौर पर्व मनाया जाता है एवं ईसर-गणगौर के गीतों से हर घर गुंजायमान रहता है।

होलिका दहन के दूसरे दिन गणगौर पूजने वाली लड़कियां होली दहन की राख लाकर उसके आठ पिण्ड बनाती हैं एवं आठ पिण्ड गोबर के बनाती हैं। उन्हें दूब पर रखकर प्रतिदिन पूजा करती हुई दीवार पर एक काजल व एक रोली की टिकी लगाती हैं। शीतलाष्टमी तक इन पिण्डों को पूजा जाता है। फिर मिट्टी से ईसर गणगौर की मूर्तियां बनाकर उन्हें पूजती हैं। लड़कियां प्रातः ब्रह्ममुहुर्त में गणगौर पूजते हुये गीत गाती हैं:-

गौर ये गणगोर माता खोल किवाड़ी, छोरी खड़ी है तन पूजण वाली।

गीत गाने के बाद लड़कियां गणगौर की कहानी सुनती है। दोपहर को गणगौर के भोग लगाया जाता है तथा कुए से लाकर पानी पिलाया जाता है। लड़कियां कुए से ताजा पानी लेकर गीत गाती हुई आती हैं:-

म्हारी गौर तिसाई ओ राज घाट्यारी मुकुट करो,
बीरमदासजी रो ईसर ओराज, घाटी री मुकुट करो,
म्हारी गौरल न थोड़ो पानी पावो जी राज घाटीरी मुकुट करो।

लड़कियां गीतों में गणगौर के प्यासी होने पर काफी चिन्तित लगती है एवं गणगौर को जल्दी से पानी पिलाना चाहती है। पानी पिलाने के बाद गणगौर को गेहूं चने से बनी घूघरी का प्रसाद लगाकर सबको बांटा जाता है और लड़कियां गीत गाती हैं:- म्हारा बाबाजी के माण्डी गणगौर, दादसरा जी के माण्ड्यो रंगरो झूमकड़ो, ल्यायोजी - ल्यायो ननद बाई का बीर, ल्यायो हजारी ढोला झुमकड़ो। रात को गणगौर की आरती की जाती है तथा लड़कियां नाचती हुई गाती हैं। गणगौर पूजन के मध्य आने वाले एक रविवार को लड़कियां उपवास करती हैं। प्रतिदिन शाम को क्रमवार हर लडकी के घर गणगौर ले जायी जाती है। जहां गणगौर का ''बिन्दौरा'' निकाला जाता है तथा घर के पुरुष लड़कियों को भेंट देते हैं। लड़कियां खुशी से झूमती हुई गाती हैं:- ईसरजी तो पेंचो बांध गोराबाई पेच संवार ओ राज म्हे ईसर थारी सालीछां।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मुक़द्दस दिल हसीं अहसास का

मुक़द्दस दिल हसीं अहसास का इज़हार है होली। अदावत को भुलाकर प्रेम का त्योहार है होली। कसकते दिल में जब उट्ठे गुज़िश्ता दौर के बादल बरसते आँसुओं से भीगता रुख़सार है होली।

निरुपमा चतुर्वेदी

हिंदुओ की सबसे बड़ी मूर्खता है

हिंदुओ की सबसे बड़ी मूर्खता है, सम्मान ना करना। अरे टीना डाबी जैसे तैसे ऐसे वैसे कैसे भी आखिर तो अपने घर लौटी है। अव उम्र कुछ भी सही चुना तो एक हिन्दू जीवन साथी है। उसे रंडी कह कर उसके पति को बुड्ढा कह कर तुम अपनी भड़ास निकाल रहे हो। सम्मान करना सीखें जो हमारे पक्ष में आ गया उसका विपक्षी बन कर चूतियापा करना बंद करे।

कुलदीप वर्मा

खास पाती

कल रात ओट बादलों की

कल रात ओट बादलों की छुपा-छुपा सा चाँद.. पीला, जर्द मलिन मुख। स्तब्ध सी निशा। अस्त व्यस्त सा अस्तित्व देख पूछ बैठी.. कहीं ये चाँद तुम्हारा तो नहीं? हे विरहनी ! उदासी का आवरण शोभा नहीं तुम्हारी कोमलता का। हाँ, बताओ तनिक। कहीं ये चाँद तुम्हारा तो नहीं? मौन अधर, भीगे नयन..बस बाहे फैला निस्तेज चेहरे पर खोई निर्बल सी मुस्कान मानों लौट आई। शब्द बेजान से अटके अटके से दबे स्वर में निकला सिर्फ हाँ आह मेरा चाँद। निशा ने स्नेहाशीष के साथ ही डाल दिया पल्लू में मेरा चाँद। **सविता वर्मा 'ग़ज़ल'**

दिल में लिए भावनाओं का

दिल में लिए भावनाओं का तूफान बैठे हैं। कितने मित्र मित्र सूची में बेजुबान बैठे हैं। वो सचमुच दरिया को पार नहीं करसकते अब। जो उतरने से पहले ही हार मान बैठे हैं। **राजकुमार शर्मा**

संबत दोइ हजार उन्नासिन मंगलमय

संबत दोइ हजार उन्नासिन मंगलमय सब काज रहै। होय सुखी सब दीन दुखी घर बाहर मंगल साज रहै। खेत किसानन के घर मा सबके भरपूर अनाज रहै। संबत हाल अभिज्ञ कहे शनि देवहिं संबत राज रहै। भूपति है शनि देव भये सब आपस मा लडवावत है। है गुरु मंत्रिन कोष बढ़ावत औ अन्न बहु उपजावत है। संबत वासहिं मालिन के घर फूलहिं फूल खिलावत है। नीर निधी तट रोहिण है जव बारिश खूब करावत है। सब देव सदैव सहाय करै नहि दीन दुखी मजबूर रही। एहि संबत हाल अभिज्ञ कहीं धन धान्य धरा भर पूर रही। नृप है शनि देव भये जग कै गुरु मंत्रिन लक्ष्य न दूर रही। शुभदा मति ठीक रखै सबकै नहि शासक आपन क्रूर रही।

अजय मिश्रा अभिज्ञ

नववर्ष तुम्हारा स्वागत है

नववर्ष तुम्हारा स्वागत है, नववर्ष तुम्हारा स्वागत है, कई चुनौती पूरी कर ली, लक्ष्य कई ना प्राप्त हुए, कोई कमी तो छूटी होगी, मंथन कर हम शांत हुए, नए लक्ष्य और उम्मीदों की, देखें अब क्या लागत है? नववर्ष तुम्हारा स्वागत है। आये हो तो आकर बैठो, बैठो दो पल बतिया लें, खोलो अपनी नई पोटली, देखें अब क्या आगत है? नववर्ष तुम्हारा स्वागत है। **-वर्षा श्रीवास्तव**

न पुंछो प्रोफेशन हमारा जरुरत

न पुंछो प्रोफेशन हमारा जरुरत के मुताबिक ढलती रही चिरागों में तेल बन खुद ही जलती रही नाजो नखरे उठाती घर आंगन सजती मायके ससुराल के रिश्तों मे बैलेंस रखती असंख्य रुपों में विराजित मां, बहू, बेटी नाम है हमारा। **सुनीता पुष्पराज पाण्डेय**

कमलेश नारंग के मौत पे रहेंगे

कमलेश नारंग के मौत पे रहेंगे मौन अख़लाक़ पर किंतु आँसू ये बहाएँगे। कभी सैनिकों के शौर्य का प्रमाण माँगेंगे तो कभी कशमीर को ये पाक का बताएँगे। पंडितों के दर्द पे करेंगे कभी अट्टहास कभी राममंदिर पे प्रश्न ये उठाएँगे। देश टूट जाए जल जाए इन्हें फर्क नही पन्नू के ये प्यादे सदा आग ही लगाएँगे। **सुनिल शर्मा नील**

चांद जब ठहर गया तो चांदनी

चांद जब ठहर गया तो चांदनी बिखर गई आसमा की गोद से ज़मीन पर उतर गई। सरहदें ना पूछिए हमसे हमारे इश्क की तुम ही तुम आए नजर ये नजर जिधर गई। अब दुआओं में हमेशा नाम लेते हैं तेरा पहले रब जाना नहीं ये जिंदगी गुजर गई। मेरी चाहतों पर उनको यकीन जब हुआ वक्त आखिरी था मेरी मौत की खबर गई। हमने सारी जिंदगी मुसाफिरी में काट दी तुम ही हो मंजिल मेरी तुम तलक डगर गई। मुद्दतों से सब्र की तपिश में जल रहा है दिल आज यूं देखा तुम्हें दिल में दर्द की लहर गई। हर सदा मंजूर ए दिल होती नहीं जानिब कभी तेरी बेरुखी संगदिल सनम मुझपे ढा कहर गई। **पावनी दीक्षित जानिब**

QUIZ TIME

1) अखिल भारतीय सेवा का सृजन करने का अधिकार संसद के किस सदन को है?

2) बंगाल की खाड़ी में गिरने वाली प्रायद्वीपीय नदियों और अरब सागर में गिरने वाली प्रायद्वीपीय नदियों के मध्य जल विभाजक का कार्य कौन करता है?

3) अल्पकाल में भारतीय रिजर्व बैंक, जिस ब्याज दर पर व्यापारिक बैंकों को उधार देता है, उसे क्या कहा जाता है?

4) लिम्नोलॉजी किससे संबंधित है?

5) वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के लिये राजस्थान सरकार की ओर से कौन-सा पुरस्कार दिया जाता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) राज्यसभा (2) पश्चिमी घाट (3) रेपो रेट (4) झीलों (5) अमृता देवी स्मृति पुरस्कार

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत एवं विश्व के इतिहास में 04 अप्रैल की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1716- रूस और प्रशिया की सेनाओं ने उत्तर जर्मनी के विस्मार पर कब्जा किया। 1721- रॉबर्ट वाल्पोल ग्रेट ब्रिटेन के पहले प्रधानमंत्री बने। 1818- अमेरिकी संसद में राष्ट्रीय ध्वज में लाल रंग की 13 पट्टी और 20 स्टार रखने का फैसला लिया गया। 1857- एंग्लो और फारसी युद्ध समाप्त हुआ। 1873- यूनाइटेड किंगडम में दुनिया का पहला केनेल क्लब स्थापना। 1887- सुसाना मेडोरा साल्टर पहली अमेरिका में महिला महापौर बनी। 1889- मशहूर हिन्दी कवि, लेखक, नाटककार एवं पत्रकार माखनलाल चतुर्वेदी का मध्यप्रदेश में जन्म। 1905- हिमाचल प्रदेश के कांगडा जिले में भूकंप से करीब 20000 लोगों की मौत। 1909- फुटबॉल टीम स्पोर्ट क्लब इंटरनेशनल पोर्टो एलेग्रे ब्राजील में स्थापित किया गया। 1910- दार्शनिक श्री अरविन्दो पांडिचेरी (अब पुडुचेरी) पहुंचे जहां उन्होंने योग और आध्यात्मिक केन्द्र खोला। 1916- अमेरिकी सीनेट ने प्रथम विश्व युद्ध में भाग लेने पर सहमति व्यक्त की। 1929- ब्यूजु में रोमानिया के नजदीक एक रेलगाड़ी के पटरी से उतरी, 20 लोग मारे गए और 59 घायल हुए। 1932- वैजिस्लाव मरिन्कोविक यूगोस्लाविया के प्रधानमंत्री बने। 1946- स्वतंत्रता सेनानी सागरमल गोपा का निधन। 1949- उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की स्थापना हुई। 1960- अफ्रीकी देश सेनेगल ने फ्रांस से स्वतंत्रता हासिल करने की घोषणा की। 1960- सेनेगल ने फ्रांस के साथ बिजली समझौते पर हस्ताक्षर किए।

एसडीओपी ने थाना बेरला व चौकी कंडरका का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण

बेमेतरा। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह एवं अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के निर्देशन पर एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल ने थाना बेरला एवं चौकी कंडरका का अर्धवार्षिक एवं किट, परेड निरीक्षण किया गया। एसडीओपी श्री पटेल द्वारा किट परेड निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ ही कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही निरीक्षण के दौरान पुलिस जवानो को हमेशा खुश रहने का टिप्स दिये व उनकी समस्याओं को सुनते हुए यथोचित निराकरण का आश्वासन दिया गया। तथा थाना की साफसफाई हेतु विशेष ध्यान रखने तथा लंबित अपराधो, मर्ग, गुम, शिकायत और लंबित वारंटो की निकाल करने, थाना में रिपोर्ट करने आये महिला आगंतुक/रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी बेरला निरीक्षक राजेश मिश्रा, चौकी प्रभारी कंडरका उप निरीक्षक रंजित प्रताप सिंह एवं एसडीओपी रीडर प्रधान आरक्षक विष्णु सप्रे, आरक्षक पोषण साहू व अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

गांव में रैली निकालकर हिन्दू नववर्ष मनाया

बेमेतरा/नवप्रदेश। भारत में हर साल हिन्दू नववर्ष की त्यौहार बड़ी श्रद्धा व धूमधाम से मनाते है।हिन्दू धर्म मे इस दिन का बड़ा महत्व है कहा जाता है कि इस दिन भगवान ब्रह्मा ने इस पूरी सृष्टि की रचना की थी। भारत मे हिन्दू नववर्ष अलग अलग राज्य में अलग अलग तरीके से मनाते है।हिन्दू नववर्ष के प्रथम दिन से ही नया पंचाग शुरू होता है। इसी कड़ी में बेरला ब्लॉक के अंतर्गत धर्म नगरी लटटी बाबा धाम ग्राम परपोड़ा में हिन्दू धर्म प्रेमियों ने हिन्दू नववर्ष धूमधाम से मनाया। हिन्दू धर्म प्रेमी नीरज राजपूत ने बताया कि हम जब भी कोई भी धर्म से संबंधित कार्यक्रम कराने के लिए निर्णय लेते हैं, तो सर्वप्रथम कुछ दिन पहले हम सभी भोर के समय प्रभात फेरी निकालते हैं, इससे गाँव मे चर्चा होता है कि आगामी क्या कार्यक्रम है या क्या त्यौहार है और इसमे सभी लोग कोई कार्यक्रम हो उस दिन के लिए तैयार रहते है क्या कार्यक्रम होगा उससे भली भांति जान जाते है। इसी कड़ी में 2 अप्रैल चैत्र नवरात्र व हिन्दू नववर्ष के दिन धर्म प्रेमियों द्वारा सर्वप्रथम राममंदिर परपोड़ा में प्रभु श्रीराम चंद्र के पूजा पाठ व आशिर्वाद लेकर हाथ मे भगवा ध्वज लिए जय श्रीराम के नारों के साथ पूरा ग्राम भ्रमण कर पुनः राममंदिर के पास कार्यक्रम समापन हुआ। हिन्दू धर्म प्रेमी ने बताया हमारा गाँव मे रैली निकालना हमारा मनोरंजन नही हम संदेश देना चाहते है हिंदुओ जागो अपने धर्म के प्रति सजग बनिए अपना त्यौहार धूम धाम से मनाइए दुसरो को भी अपने धर्म के प्रति बताए अपने बच्चो को हिन्दुनववर्ष के बारे में विस्तार से बताये क्या है और क्यों मनाते है इनका क्या महत्व है। अपने घर के छत में 12 माह एक भगवा झंडा लगाइए हिन्दू धर्म के बारे में अपनों बच्चो को बताए। अंतिम में बताया हमारा ग्राम परपोड़ा में धर्म काम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते है सभी समाज योगदान होता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बलदाऊ वर्मा, अरविंद राजपूत, कन्हैया साहू, नीरज राजपूत, कमल साहू, भीखा साहू, डॉ वैष्णव, डॉ फत्ते लाल, दुर्गा शिवारे, गणेश यादव, ओमप्रकाश साहू, कपिल जोशी, रामानंद जोशी, रामावतार साहू, रामकुमार साहू, दिलीप यादव, रामकुमार यादव, महेश यादव, सनत यादव, भारत निषाद, राजेन्द्र सेन, सुखचैन साहू, सनत साहू, सुरेश राजपूत, मोहित साहू एवं समस्त ग्रामवासी शामिल रहें।

गौठान में सामग्री निर्माण से लेकर इसके वैल्यू एडिशन और बेचने तक की बनाई पुख्ता व्यवस्था : सीएम

- **झेरिया धोबी समाज पाटन राज के कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम भूपेश**

दुर्ग/नवप्रदेश। हमने गौठान को ग्रामीण आजीविका केंद्र के रूप में स्थापित किया है। यहां पर हमने उन सारे स्थानीय उत्पादों का उत्पादन पुनः आरंभ किया है जिसे परंपरागत रूप से लोग निर्मित करते रहे थे लेकिन अब इसे छोड़ दिया था। केवल उत्पादन ही नहीं किया जा रहा, हम इनके मूल्य वर्धन के लिए भी कार्य कर रहे हैं इसके साथ ही इसके विक्रय के लिए सीमार्ट के माध्यम से पुख्ता व्यवस्था भी की गई है। यह बातें मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने झेरिया धोबी समाज पाटन राज के सामाजिक कार्यक्रम में कही। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर भन्सुली, सुरपा में सांस्कृतिक भवनों की घोषणा की तथा अचानकपुर में सामुदायिक भवन के बाउंड्री वाल निर्माण तथा अतिरिक्त कक्ष निर्माण के भी निर्देश दिए। अपने संबोधन का आरंभ मुख्यमंत्री ने नवरात्र पर्व की बधाई देते हुए कहा कि आज हिंदू नव वर्ष की शुरुआत है। आज के दिन देशभर में महत्वपूर्ण महोत्सव मनाए जाते हैं और आज के शुभ दिन में आपके बीच आकर मैं बहुत खुशी का अनुभव कर रहा हूं। छत्तीसगढ़ के लोगों की देवी पर श्रद्धा का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र के मौके पर श्रद्धालुओं में जो अपार श्रद्धा देवी के प्रति प्रगट होती है उसे देख कर मन हर्षित हो जाता है। डोंगरगढ़ में महामाया में दंतेवाड़ा में विराजित देवियों के दर्शन के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं पदयात्रा करते हुए आते हैं। इनकी अपार श्रद्धा देखकर बहुत अच्छा लगता है। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी कोशिश यही है कि हम अपनी सांस्कृतिक पहचान को सहेज कर रख सकें। हमारी सांस्कृतिक पहचान में ही हमारी आर्थिक प्रगति निहित है। गांव में अनेक परंपरागत व्यवसाय प्रचलित थे। इनमें से अधिकांश का चलन समाप्त हो गया। गौठान के माध्यम से इन्हें आजीविका केंद्र के रूप में स्थापित कर हमने इन्हें पुनः आरंभ किया है। इन्हें ब्रांड के रूप में आकर्षक पैकेजिंग के माध्यम से हम विक्रय कर रहे हैं। पुराने समय में घरों में लीपने के लिए गोबर काम आता था। अब हम गोबर से पेंट बना रहे हैं। पहले बिजली का उत्पादन केवल उद्योगपति या सरकार ही कर पाती थी लेकिन अब ग्रामीण महिलाएं भी गोबर के माध्यम से बिजली का उत्पादन कर रही हैं। तकनीकी नवाचार की दिशा में हमारी सरकार पुख्ता काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी वर्ग के लोगों के हितों की चिंता सरकार को है। किसानों के लिए राजीव गांधी न्याय योजना के माध्यम से आर्थिक समृद्धि की राह हमने खोली। इसके साथ ही भूमिहीन मजदूरों के लिए भी योजना आरंभ की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे साढ़े तीन लाख भूमिहीन लोगों को लाभ मिल रहा है पहले इसके अंतर्गत 6 हजार रुपये दिए जाते थे अब यह राशि बढ़कर 7 हजार हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो किस्तों में यह राशि भूमिहीन मजदूरों को दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना पुनः आरंभ की गई है। सरकारी कर्मचारी अपनी सेवानिवृत्ति भविष्य के प्रति बहुत आशंकित थे। सरकार के इस बड़े निर्णय से उनकी आशंका दूर हुई है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि कोरोना की लहर के कमजोर होने के बाद पुनः सामाजिक आयोजन आरंभ हुए हैं और मैं लगातार इन सामाजिक आयोजनों में हिस्सा ले रहा हूं। सामाजिक जनों के बीच जाना मुझे बहुत अच्छा लगता है और उनसे सुख-दुख साझा कर मन को बहुत खुशी होती है। छत्तीसगढ़ में सामाजिक संगठन जन जागरूकता के लिए और प्रदेश को आगे ले जाने के लिए सक्रियता से काम कर रहे हैं। सरकार इस कार्य में उनकी हर संभव मदद करेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने समाज की मांग पर सुरपा और भन्सुली में सांस्कृतिक भवन निर्माण की घोषणा की। इसके साथ ही अचानकपुर में सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष और बाउंड्री वाल की निर्माण संबंधी घोषणा भी उन्होंने की। इस मौके पर उद्योग एवं आबकारी मंत्री श्री कवासी लखमा एवं बस्तर सांसद श्री दीपक बैज सहित समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री लक्ष्मण निर्मलकर, जिला अध्यक्ष श्री विष्णु निर्मलकर एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

सेल्फी जोन में सेल्फी लेने उमड़ रही लोगों की जबदस्त भीड़

- **गोंडवाना भवन के एग्जीबिशन में स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत सेल्फी जोन, जमकर पब्लिक का मिल रहा रिस्पॉन्स**

दुर्ग/नवप्रदेश। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में दुर्ग को देश मे नंबर वन स्थान पर लाने विधायक अरुण वोरा ,महापौर धीरज बाकलीवाल की मंशानुसार एवं आयुक्त हरेश मंडावी के मार्गदर्शन में अभियान सतत जारी है ।इस कड़ी मे ब्रांड एंबेसेडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही द्वारा एक नवाचारी पहल ÷ स्वच्छता सेल्फी जोन ÷ बनाया गया है। लोग वहां पहुँचकर सेल्फी ले रहे है। दुर्ग गौरव पथ गोंडवाना भवन परिसर में जहां इंडियन लाइफस्टाइल एक्सपो लगा है उसके प्रवेश द्वार पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में दुर्ग को नंबर वन बनाने विभिन्न गतिविधियों को दर्शाता हुआ विशाल फ्लेक्स लगाए गए हैं । है सबने ठाना है , दुर्ग को स्वच्छ नंबर वन बनाना है । धर्माचार्य भी दे रहे हैं दिव्य ज्ञान , सफल बनाओ दुर्ग का स्वच्छता अभियान । स्वच्छता ल अपनाबो जी ,दुर्ग ल नंबर वन बनाबो जी। हमारा लक्ष्य, दुर्ग हो सबसे स्वच्छ। नारी शक्ति ने ठाना है ,दुर्ग को नंबर वन बनाना है। स्वच्छता की राह पर चल रहा है दुर्ग शहर। आदि नारों से सुसज्जित एवम दुर्ग के स्वच्छता अभियान को दर्शाते चित्र सहित आकर्षक फ्लेक्स लोगों को सहज ही आकर्षित कर रहा है। प्रतिदिन एक्सपो एग्जीबिशन में आने वाले लोग सेल्फी जोन में आते हैं पढ़ते हैं चित्रों को देखते है अपनी सेल्फी लेते हैं। ब्रांड एंबेसेडर डॉक्टर विश्वनाथ पाणिग्रही शाम को उपस्थित होकर लोगो को विस्तृत में स्वच्छता अभियान की जानकारी देते हैं तथा अभियान से जुड़कर दुर्ग को स्वच्छता में नंबर वन बनाने आव्हान करते हैं। सेल्फी जोन लोगों को खूब पसंद आ रहा है ।लोग इसकी सराहना भी कर रहे हैं!

नागरिकों की समस्याएं सुलझाने आयुक्त रोज करें वार्ड का दौरा

तत्काल समाधान जरुरी, महापौर अभियान की करें मॉनिटरिंग : वोरा

दुर्ग/नवप्रदेश। वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने नगर निगम और पीडब्ल्यूडी विभाग के अफसरों को शहर में चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए है। वोरा ने कहा कि नगर निगम के आयुक्त हरेश मंडावी अधिकारियों के साथ सभी वार्डो का दौरा करें और आम जनता की समस्याओं का निराकरण तत्काल करें। महापौर धीरज बाकलीवाल इस पूरे अभियान की मॉनिटरिंग करें। वोरा ने पीडब्ल्यूडी अफसरों से कहा है कि 64 करोड़ की लागत से जीई रोड के उन्नयन और सौदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। यह कार्य तेजी से पूरा किया जाना चाहिए। काम रुक-रुक कर होने से आमजनता को आवागमन में असुविधा हो रही है। वोरा ने जीई रोड पर 12 करोड़ की लागत से एक सप्ताह के भीतर हाई मास्ट व स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए। रात के समय अंधकार होने के कारण यहां दुर्घटना की आशंका रहती है। वोरा ने रुआबांधा से बोरसी रोड के निर्माण कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए है। काम की धीमी रफ्तार से आम जनता को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। वोरा ने नगर निगम के कार्यो में भी तेजी लाने के निर्देश दिए है। उन्होने कहा कि ठगड़ाबांध पिकनिक स्पॉट का बचा निर्माण कार्य तत्काल पूरा कराया जाए। शहर के 8 तालाबों के सौदर्यीकरण से संबंधित सभी प्रक्रियाएं पूरा करें और सौदर्यीकरण के कार्य कराए जाएं। नगर निगम के सभी वार्डो में छोटी-छोटी समस्याओं का निराकरण करने कैम्प लगाकर अधिकारी नागरिकों की समस्या सुनें और समस्याओं का निराकरण करें। वोरा ने कहा कि 12 करोड़ की लागत से सड़क डामरीकरण के कार्य कराए जाएं। वोरा ने एक और महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा है कि भूमि पट्टा के लिए हर वार्ड में नागरिक परेशान है। प्रत्येक वार्ड में सर्वे टीम भेजकर लोगों की समस्या सुनने के बाद उचित समाधान करें। छग शासन द्वारा भूमिहीन गरीबों को पट्टा देने की प्रक्रिया शुरु की गई है। यह कार्य तत्काल पूरा किया जाए ताकि लोगों को जमीन का पट्टा मिल सकें। वोरा ने नगर निगम अधिकारियों को शहर में विधायक निधि, महापौर निधि, पार्षद निधि एवं एल्डरमेन निधि के कार्यो को भी शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए है।

एयरटेल पेमेंट्स बैंक के ग्राहक एयरटेल थैंक्स ऐप के जरिये पा सकते हैं आईसीआईसीआई लोमबरड स्मार्टफोन बीमा

मुंबई। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के ग्राहक अब एयरटेल थैंक्स ऐप पर ICICI Lombard जनरल इंश्योरेंस कंपनी से स्मार्टफोन बीमा खरीद सकते हैं। इसके साथ, एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मिलने वाली अपनी बीमा सेवाओं को और मजबूत किया है। ग्राहक अब तेजी से, कागज रहित और सुरक्षित डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से बीमा खरीद सकते हैं।

डिजिटल जीवनशैली अपनाने में वृद्धि के साथ, स्मार्ट उपकरणों, विशेष रूप से स्मार्टफोन की मांग में कई गुना वृद्धि देखी गई है। ICICI Lombard का स्मार्टफोन बीमा समाधान दुर्घटना या तरल रिसाव के परिणामस्वरूप फोन और उसकी स्क्रीन को होने वाले नुकसान से वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। इस स्मार्टफोन बीमा के हिस्से के रूप में, ग्राहक पॉलिसी अवधि के दौरान अधिकतम दो बार दावे दायर कर सकते हैं, इस बीमा सुविधा में मुफ्त पिकअप और डिलीवरी भी शामिल है, जो इसे बाजार में एक अनूठी पेशकश बनाती है।

1299/- से शुरू होने वाले मासिक प्रीमियम के साथ, ग्राहक अपने स्मार्टफोन के खरीद मूल्य के बराबर बीमा राशि प्राप्त कर सकते हैं। 10,000 रुपये से 100,000 रुपये के बीच की कीमत वाला स्मार्टफोन खरीदने के दस दिन बाद तक ग्राहक स्वयं यह बीमा प्राप्त कर सकते हैं। स्मार्टफोन विवरण भरने के बाद, बिना डिवाइस स्वास्थ्य जांच के बीमा स्वचालित रूप से जारी हो जाता है। महामारी के दौरान जिस तरह से स्मार्टफोन ने कनेक्टिविटी को जिस तरह संभव किया वह इस डिवाइस बीमा को पहले से कहीं ज्यादा व्यक्तियों के लिए फायदेमंद बना साबित होगा।

भारत में वर्तमान में 750 मिलियन से अधिक स्मार्टफोन उपयोगकर्ता हैं और यह संख्या 2026 तक 1 बिलियन तक पहुंचने की संभावना है। यह वृद्धि स्मार्टफोन बीमा जैसे उत्पाद के लिए एक बढ़ते अवसर और विशाल क्षमता का प्रतिनिधित्व करती है। हम एयरटेल पेमेंट बैंक के साथ एक सुरक्षा योजना की पेशकश करने के लिए उत्साहित हैं जो ग्राहकों को उनके स्मार्टफोन को आकस्मिक क्षति या चोरी के मामले में अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करेगी और उन्हें ऐसी बीमा पॉलिसियों को चुनने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स अब खरोरा में भी

खरोरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की अति संवेदनशील महत्वकांक्षी योजना श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स का भव्य शुभारंभ आज नगर पंचायत परिवार के द्वारा नगर पंचायत परिसर में किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ भारत माता के तेल चित्र में दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण करते हुए मेडिकल स्टोर्स का फीता काटकर किया गया। भूपेश सरकार के मंशा अनुरूप अति संवेदनशील योजना श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का लाभ सभी वर्ग को मिले इस बात को ध्यान में रखते हुए किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बबलू भाटिया विधायक प्रतिनिधि, निलेश चंद्रवंशी एल्डरमैन, सुरेंद्र गिलहरे पार्षद , उपाध्यक्ष पन्ना देवांगन, जुबेर अली पार्षद अंबिका बंछोर एल्डरमैन, कमल वर्मा एल्डरमैन , संत नवरंगे पार्षद प्रतिनिधि सीएमओ रविंद्र शर्मा इंजीनियर पुष्कर चंद्राकर एवं समस्त नगर पंचायत एवम मेडिकल स्टाफ के साथ नगरवासी की उपस्थिति में भव्य शुभारंभ हुआ ।

चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले पर एक आरोपी गिरफ्तार

- **आरोपी के ऊपर बच्चों से संबंधित अश्लील वीडियो डाऊनलोड, शेयर करने का आरोप**

भाटापारा। शहर पुलिस ने एक बार फिर चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले में कार्यवाही करते हुए एक युवक को आईटी की धारा 67,67बी के तहत गिरफ्तार कर उसका मोबाइल और सिम जब्त कर लिया है, आरोपी के ऊपर 2020 में बच्चे का अश्लील फोटो डाऊनलोड कर शेयर करने का आरोप है।

उपरोक्त संबंध में शहर थाना प्रभारी महेश धुव ने बताया कि सरकार के द्वारा सोशल मिडिया में किसी महिला या बच्चों पर पोर्नोग्रापी को मोबाईल में अपलोड, डाउनलोड व शेयर करने पर रोक लगाया गया है उसके उपरांत भी कुछ व्यक्तियों के द्वारा उक्त प्रकार की हरकत कर अन्य व्यक्तियों के मोबाईल में शेयर किया जा रहा है , इसी तरह का मामला भाटापारा में सामने आने पर कुछ दिन पहले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था आज फिर चाईल्ड पोर्नोग्रापी के मामला में निरीक्षक महेश ध्रुव थाना प्रभारी द्वारा टीम को निर्देशित कर आरोपी सुमीत कुमार साहू उर्फ सोनू साकिन सुभाष वार्ड भाटापारा के मोबाईल को कब्जे में लेकर चेक करने पर आरोपी के द्वारा अपने मोबाईल फोन में नाबालिक बच्चे का अश्लील विडियो को वर्ष 2020 में मोबाईल पर अपलोड करना पाया गया है जिसे सरकार के द्वारा रोक लगाया गया है,आरोपी के कब्जा से उक्त कृत्य में उपयोग किया गया एक नग मोबाईल को सीम नंबर सहित जप्त किया गया तथा धारा 67,67 बी आईटी एक्ट के तहत अपराध सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है । उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक संजय सोनी, आरक्षक द्वारिका साहू , दीपक कुमार ध्रुव व सायबर टीम बलौदाबाजार कुमार जायसवाल व टीम का विशेष योगदान रहा है ।

38 पाव अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, एक की तलाश जारी

भाटापारा। शहर पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर 38 पौवा देशी मशाला एवं 05 अध्धी देशी मशाला शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके वाहन को भी जप्त कर एक अन्य आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही हैं।

उपरोक्त संबंध में शहर थाना प्रभारी महेश धुव ने बताया कि जिले के आला अधिकारियों के निर्देश पर अवैध कारोबारियो के खिलाफ कार्यवाही करने स्टाप को निर्देश दिया गया था इस बीच मुखबीर की सूचना पर शराब भट्टी तरफ से आ रही एक मोटरसायकल को रोककर

आरोपी राहूल उर्फ रामजी ध्रुव महावीर वार्ड को पकड़ा गया।तलाशी के दौरान उसके कब्जे से

38 पौवा देशीमशाला एवं 05 अध्धी देशी मसाला शराब और घटना में प्रयुक्त वाहन क्रमांक CG22-S-6029 को जब्त किया गया। वही इस मामले में एक और आरोपी का नाम आने से पुलिस ने उक्त फरार युवक के खिलाफ भी मामला पंजीबद्व किया है।पुलिस आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्व कर विवेचना कर रही है।

श्री अदिगौड़ ब्राह्मण महासभा की महिलाओं ने मनाया गणगौर उत्सव

भाटापारा। श्री आदिगौड़ ब्राह्मण महासभा महिला शाखा भाटापारा द्वारा समाज के कुंदन भवन में गणगौर की गोट एवं पूजन का पारंपरिक उत्सव बड़े ही उल्लास व भक्तिमय वातावरण में समाज की निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमति अंजू बसंत भृगु व उपाध्यक्ष श्रीमती शिवानी राजेश शर्मा के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुआ जिसमे बड़ी संख्या में समाज की महिलाओ ने उपस्थित होकर भगवान शंकर व मां पार्वती के स्वरूप गणगौर माता का पूजन राजस्थानी लोक गीत व भजन गाकर किया ।

गणगौर का यह सोलह दिवसी पर्व राजस्थान में सबसे बड़े त्योहार के रूप में मनाया जाता है जो होली के दूसरे दिन से प्रारंभ होता है जिसमे कुंवारी कन्याएं सुयोग्य वर एवं विवाहिता महिलाएं सुखी दांपत्य जीवन के लिए भगवान से प्रार्थना करती है और सोलह दिनों तक घर में जंवारा रख समूह बना कर ईशर व गौराजी का पूजन करती है तत्पश्चात गोट के रूप में गणगौर माता को भोग लगा एवं जल पिलाकर आपस में प्रसाद ग्रहण करती हैं ।

गोट के आयोजन के पश्चात महिला शाखा की नई अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चयन वरिष्ठ सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से किया गया जिसमे श्रीमती चंद्रकिरण प्रदीप शर्मा को अध्यक्ष व श्रीमती रानी हरगोपाल शर्मा को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया समाज की पूर्व अध्यक्ष श्रीमति अंजू भृगु उपाध्यक्ष श्रीमति शिवानी शर्मा के कार्यकाल की सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की व नई मनोनित अध्यक्ष श्रीमति चंद्रकिरण शर्मा उपाध्यक्ष श्रीमति रानी शर्मा को माला पहना कर उन्हे उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं एवं बधाई दीं गई ।निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमति अंजू भृगु ने उनके कार्यकाल में सहयोग करने वाले समाज के सभी सदस्यों के प्रति आभार वयक्त किया ।

उक्त कार्यक्रम में समाज की पूर्व अध्यक्ष श्रीमति शारदा शर्मा, श्रीमती गंगा शर्मा, श्रीमती पुष्पा पाण्डेय, कांता शर्मा,सरोज शर्मा, श्यामां शर्मा,मंजू भृगु,किरण तिवारी,स्नेहलता शर्मा,निर्मला पाण्डेय,सुधा शर्मा, ऊषा भृगु, लता शर्मा,नीतू भृगु,सुमन शर्मा,पिंकी शर्मा,शारदा सीमा शर्मा,मोनिका शर्मा,लक्ष्मी पाण्डेय,तारा पुरोहित, राखी भृगु,मोनी पाण्डेय, श्वेता दवे,संजना शर्मा, बबीता भृगु, रमा शर्मा,दीपा शर्मा, श्रेया शर्मा,श्रुति ओझा, उमा पाण्डेय, नीता पाण्डेय,राधिका तिवारी,रेखा शर्मा,कविता शर्मा,रिंकू शर्मा सहित समाज की अनेक महिलाएं उपस्थित थी ।

मोबाईल चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

खरोरा/नवप्रदेश। रेल्वे स्टेशन रायपुर एवं धरसीवा शराब भट्ठी एवं अन्य कई जगहों पर मोबाईल चोरी, पॉकेटमारी एवं छीनकर भागना के वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ग्राम बिटिया निवासी पंकज साहू पिता रामअवतार साहू उम्र 21 साल द्वारा 21.03.2022 को काम करके अपने घर ग्राम बिठिया जाते समय ग्राम खरोरा हड्डी गोदाम नया बस स्टैण्ड के पास अंधेरा का लाभ उठाते हुए अज्ञात चोर द्वारो प्रार्थी पकंज साहू के हाथ में रखें वीवो कंपनी के मोबाईल किमती 11500 रुपए को छीनकर भाग जाने की रिपोर्ट थाना खरोरा में दर्ज कराया था।

विवेचना के दौरान माल मुल्जिम की पतासाजी की जा रही थी उसी दौरान आज 2.04.2022 को मुखबीर से सूचना मिला कि तिगड्डा चौक खरोरा में दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में है जो अपने पास भारी मात्रा में मोबाईल रखे है जिसे बेचने की फिराक में है जिस पर सूचना तस्दीक किया गया। टींगु पिता शत्रोहन सावरा उम्र 20 साल साकिन वार्ड क्र. 12 बिजली आफिस के पास सिलयारी थाना धरसीवा जिला रायपुर एवं धर्मेन्द्र पिता दाऊलाल सावरा उम्र 30 साल साकिन वार्ड क्र. 12 बिजली आ फिस के पास सिलयारी थाना धरसीवा जिला रायपुर के कब्जे से कुल 24 नग अलग-अलग कंपनियों का मोबाईल किमती लगभग 2,21,000 रुपए बरामद किया गया.

जिसमें से पंकज साहू का भी वीवो कंपनी का मोबाईल बरामद हुआ। दोनों आरोपियों द्वारा इससे पूर्व भी गोलबाजार, रेल्वे स्टेशन रायपुर एवं धरसीवा शराब भट्ठी एवं अन्य कई जगहों पर मोबाईल चोरी, पॉकेटमारी एवं छीनकर भागना के वारदात को अंजाम देना बताये। आरोपियों को दिनांक 2 अप्रैल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी रमेश कुमार मरकाम, उप निरीक्षक तापेश्वर सिंह नेताम, प्र. आर. 834 डिग्रीलाल भोई, आरक्षक 950 सुरेन्द्र सिंह, आरक्षक 2118 मोहनीश बघेल, आरक्षक 2177 मुकेश नायक का सराहनीय योगदान रहा।

हिंदू नववर्ष पर नगर मे निकली शोभायात्रा

भटगांव/नवप्रदेश। हिंदू नव वर्ष पर विभिन्न संगठन द्वारा नगर भटगांव मे शोभायात्रा निकाली गई। जिसमे सैकड़ों राम भक्त, हनुमान भक्त, गायत्री परिवार, रामायण मंडली, आर एस एस, गौ सेवा संगठन, मित्र मण्डल, सरस्वती शिशु मंदिर परिवार के स्टॉफ व छात्रगण, नगर विकास समिति के सदस्य व विभिन्न संगठन द्वारा एकत्र होकर भजन कीर्तन के साथ नगर के देवांगन ब्राह्मण पारा,नया हटरी, गायत्री मंदिर रोड, बस स्टैंड मेन रोड, देवांगन मोहल्ला होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची. जहाँ शोभायात्रा का समापन करते हुए शाम को सामूहिक रूप से भारत माता का आरती किये । वहीं रास्ते मे जगह जगह लोगो ने रैली का स्वागत किये. पूरा नगर भारत माता, जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा. कार्यक्रम मे सैकड़ो की संख्या मे भक्तगण उपस्थित रहें.

आज के दिन ऐसा लग रहा था कि वाकई मे हिन्दू नववर्ष पर सभी हिन्दू भाई बहन एकत्र होकर अपने संस्कृति की ओर एक कदम आगे बढ़ते हुए अपने भारतीय संस्कृति को अपनाते जा रहे है और पश्चात्य संस्कृति को एक कदम पीछे छोड़ते जा रहे हैं. हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्री के पावन अवसर पर अधिकांश घर परिवार मे उत्सव जैसा मनाया गया, घर के सामने रंगोली, एक साथ सूर्य भगवान को अर्ध्य, शाम को घर के सामने 5 दीपक जलाये , मंदिरों मे सामूहिक आरती, घर परिवार मे एक साथ पूजा अर्चना,मंदिरों मे भक्तों की भीड़ शाम रात्रि तक रहा.इसी प्रकार रामनवमी को भव्य शोभायात्रा के साथ रैली और झांकी का भी आयोजन किया गया है.।

बिना दस्तावेज सड़कों पर मार रहे थे फर्राटे, संदिग्ध लगने पर पुलिस ने 2 युवकों को पकड़ा

■ नाम पता एवं वाहन संबंधी कागजात मांगने पर पुलिस को कर रहा था गुमराह

कबीरधाम/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे तथा उप. पुलिस अधीक्षक मोनिका सिंह परिहार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप. निरीक्षक गीतांजलि सिन्हा के कुशल नेतृत्व में नवरात्रि पर्व के अवसर पर शहर के भीड़भाड़ की स्थिति का ध्यान रखते हुए संदिग्ध एवं तेज रफ्तार वाहन चालकों पर उचित वैधानिक कार्यवाही करने अलग-अलग टीम वरिष्ठ अधिकारी गणों के आदेशानुसार रवाना किया गया था। इसी तारतम्य में आज दिनांक-02/ 03.04.2022 को संघन वाहन चेकिंग के दौरान ग्राम समनापुर पुल के पास पुलिस पार्टी को देखकर एक कार शेवरलेट सी.जी.12ऋ0074 कथा रंग की तेज रफ्तार से कवर्धा की ओर आते दिखी जिसमें बैठे लोग संदिग्ध प्रतीत हो रहे थे, पुलिस टीम के द्वारा उक्त वाहन को रोकने पर वाहन की रफ्तार और अधिक तेज कर पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश की गई जिसमें पुलिस टीम के द्वारा वाहन को घेराबंदी कर धर दबोचा गया, वाहन में सवार व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत हो रहे थे जिनसे नाम पता एवं वाहन संबंधी दस्तावेज मांगने पर पुलिस को गुमराह कर गलत नाम पता बता रहे थे जिन्हें संदेह के आधार पर अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना नाम (1) रोहित कुमार साहू उर्फराहुल पिता गोवर्धन साहू उम्र 27 वर्ष साकिन रामनगर रायपुर ऋषि केश नगर रायपुर कोटा थाना सरस्वती नगर जिला रायुपर, (2) धर्मेन्द्र चौधरी पिता सुभाष चौधरी उम्र 37 वर्ष साकिन रामकृष्ण परमहंस नगर गुढीयारी रोड कोटा वार्ड न02 सुयश हास्पिटल के बाजू में एसबीआई एटीएम के पास थाना सरस्वती नगर रायपुर का रहने वाला बाताए जिन्हें उक्त वाहन के संबंध में पूछताछ कर धारा-91 जाफौ का नोटिस देकर पुलिस टीम द्वारा आवश्यक दस्तावेज मांगा गया जिस पर किसी भी प्रकार के दस्तावेज प्राप्त ना होने तथा कबीरधाम जिले से लगे अन्य जिलो में लगातार चार पहिया वाहन चोरी की रिपोर्ट थाना में दर्ज होने की सूचना प्राप्त होने से उक्त वाहन को चोरी के अन्देशा पर थाना कवर्धा के इस्तगाशा कमांक 05/2022 धारा 41(14) जाफौ/379 भादवि के तहत दोनों आरोपीगण को गिरफ्तार कर उक्त शेवरलेट कार कत्थे रंग कीमती 500000/ रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक श्रीमती गीतांजलि सिन्हा के कुशल नेतृत्व में थाना टीम से स.उ.नि. आशीष सिंह, आर. 745 सुनील चंद्रवंशी, 490 संजय यादव, आर. मनोज साहू, आर. प्रकाश सिंह, आर मनोहर साहू, सैनिक 80 अनिल पाण्डेय का सराहनिय योगदान रहा।

बूढ़ादेव की हुई पूजा, ग्रामीणों ने कहा - अपने देव को पूजने जरूर जायेंगे रायपुर

■ गांवों में पहले जैसा नवरात्रि वाला माहौल है: अमित

खरोरा/नवप्रदेश। खरोरा, केसला, तिल्दाडिह, बिठिया, असोंदा, तुलसी, पिकरीडिह, मुड़पार, नवागांव, बेलदार सिवनी, बुड़ेनी, बुड़गहन, भड़हा , सुंदरा, बुड़ेरा से होकर गुजरी बूढ़ादेव रथ।

खरोरा- रविवार को खरोरा नगर से बूढ़ादेव यात्रा की शुरुआत हुई। शाम 5 बजे बूढ़ादेव रथ महामाई मंदिर बस्ती पारा पहुंची। जहां छत्तीसगढ़ी रीति रिवाज से एक कलसा पानी रास्ते में डाल कर भगवान को नगर में आमंत्रित किया गया। इस दौरान नगर वासियों ने बूढ़ादेव की पूजा अर्चना की। खरोरा खड़ के ग्रामों में ग्रामवासियों ने बूढ़ादेव रथ में चांवल व नारियल चढ़ा कर विदा किया। 1 अप्रैल को शाम 4 बजे जब बुढ़ादेव रथ बुड़ेरा पहुँचीं तब ग्राम प्रमुखों ने भव्य स्वागत किया। समस्त घरों के दुवारी में महिलाओं एवम युवतियों ने चौका पुरकर आरती किया । ग्राम प्रमुखों ने गांव के देवता को मना कर मिट्टी लेने की अनुमति ली फिर रथ के कलश में मिट्टी डाला गया।

छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के प्रदेशाध्यक्ष अमित बघेल ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ के हर जिलों में देवालयों से एक चुटकी मिट्टी लेने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। नवरात्रि शुरू होने से पहले ही नवरात्रि जैसा माहौल लग रहा है। जहां-जहां रथ पहुंच रही है। गांव के छत्तीसगढ़िया समाज के लोग अपने कुल देवता का पूरा सम्मान कर रहे हैं। छत्तीसगढ़िया समाज के लोग बूढ़ादेव रथयात्रा को आगे बढ़ाते हुए गौरान्वित महसूस कर रहे हैं। यह पूरे छत्तीसगढ़ को गौरव करने वाली बात है। अब छत्तीसगढ़ को हमारे देवता बूढ़ादेव के नाम से जाना जाएगा। 18 अप्रैल को रायपुर में भव्य आयोजन के बीच देवता को बूढ़ा तालाब लाएंगे। इस दौरान लाखों छत्तीसगढ़िया समाज के लोग साक्षी बनेंगे। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के खरोरा खड़ अध्यक्ष राहुल वर्मा ने बताया कि गांव के डीही-डोंगर, गांव के पुरखा देवता, शीतला माता, बूढ़ादेव के मंदिरों से पवित्र माटी की शक्तियों को लेकर रथ आगे बढ़ रही है। रथ के साथ ही अन्य-अन्य जातियों में बंटे छत्तीसगढ़िया समाज के लोगों को एक होने का संदेश दिया जा रहा। बूढ़ादेव के आशीर्वाद से बहुत जल्द छत्तीसगढ़िया समाज के लोगों की सिर्फ एक ही जाती होगी। और वो जाती होगी छत्तीसगढ़िया। छत्तीसगढ़िया समाज के लोगों के एक होते ही चौंक-चौराहों, हमारे धरोहरों से देवताओं के नाम बदलने की राजनीति खत्म हो जाएगी।

15 गांव की यात्रा पूरी हो चुकी है, 63 गांव अभी बचे हैं

खरोरा खड़ छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के उपाध्यक्ष प्रियंकर सेन ने बताया की 6 दिनों में 15 गांव की यात्रा पूरी हो चुकी है। देर रात तक लगातार सफर जारी है। गांव के ग्रामीणों के द्वारा ही भोजन और रहने की व्यवस्था की जा रही है। रात में गांव में ही रथ को रखा जाता है। रथ की सुरक्षा के लिए जिस गांव में रुकते हैं उस गांव के पदाधिकारी रात जाग कर पहरा देते है। इसके बाद रथ आगे बढ़ जाती है। अभी 63 गांव का भ्रमण करना बचा हुआ है। रथ यात्रा में खरोरा खड़ संयोजक गजेंद्र रथ वर्मा, महामंत्री रामशरण साहू, सचिव अशोक वर्मा, सह सचिव नीलकंठ नायक, योगेश साहू, प्रमोद कुंभकार शामिल हैं।

कर्मा जयंती में शामिल हुए विधायक वोरा

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम क्षेत्र में भक्त माता कर्मा जयंती पर उरला वार्ड 57 - 58 में आयोजित जिला स्तरीय कर्मा जयंती कार्यक्रम में अध्यक्ष छग राज्य वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन एवं शहर विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल शामिल हुए।इस अवसर पर विधायक अरुण वोरा ने कहा कि भक्त माता कर्मा श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण है। उन्होंने कहा कि साहू समाज की भांति दूसरे समाज भी एकता के एकसूत्र में बंधे। किसी भी समाज को मजबूती प्रदान करती है एकता। साहू समाज अपने समाज की संस्कृति, रीति-रिवाजों को बखूबी संजोकर रख रहे है, जो कि प्रशंसा योग्य है। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि साहू समाज के लोग आज अन्य क्षेत्रों में भी अपनी योग्यता सिद्ध कर जिले एवं राज्य का नाम रौशन कर रहे है। इस अवसर एमआईसी सदस्य मनदीप सिंह भाटिया, सुश्री जमुना साहू,पार्षद बिजेंद्र भारद्वाज, कुमारी साहू, दुष्यन्त देवांगन, ओम प्रकाश जोशी के अलावा साहू समाज के पदाधिकारीगण मौजूद थे। कार्यक्रम के आरंभ में साहू समाज के पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

जन्म से दोनों हाथ ...

दोनों हाथ नही थे। बड़ा सवाल यह है छोटी उम्र में आत्महत्या विचार करने वालि शांति ने सफलता की कौन सी कुंजी खोज निकाली जो आम लोगों के पास नहीं है। विकलांग लोगों को व्हील चेयर देने या उनके लिए कोई इमारत बनाने से बदलाव नहीं आएगा, उन्हें भरोसा देने की जरूरत है कि आप भी कुछ कर सकते हैं। आज वह सफलता के शिखर पर पहुँचने को आतुर दिखाई दे रही है।मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर कलेक्टर श्री निलेशकुमार क्षीरसागर प्रौढ़ शिक्षार्थी शांति बाई ठाकुर से मुलाकात की। उनके जज़्बे की सराहना की और फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। पढ़ने की किताब सौंपी। उनके रहन सहन दैनिक जीवनचर्या के बारे में जानकारी ली गई। श्रीमती ठाकुर ने बताया कि उन्हें निराश्रित पेंशन मिलती और शासन की योजना के तहत उन्हें राशन उपलब्ध कराया जाता है। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ सरकार के अंत्योदय योजना के तहत राशन कार्ड के निर्देश दिए। इस योजना के तहत 5 किलो चावल प्रति व्यक्ति के हिसाब से मुफ्त दिया जाता है। इसके लिए कोई शुल्क भी नही देना होता। इसके अलावा आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने कहा। श्रीमती शान्ति ने बताया कि उन्हें बचपन से पढ़ने-लिखने की रुचि रही है। कलेक्टर को बताया कि आखर झापी किताब की 24 पाठ पढ़ लिया है। इस अवसर पर सीईओ ज़िला पंचायत श्री एस.आलोक, एसडीएम श्रीमती स्निग्धा तिवारी सहित संबंधित अधिकारी साथ थे।

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया

विधानसभा चुनाव में हार के बाद पार्टी में आवश्यक बदलाव की प्रक्रिया जारी है। असन्तुष्ट नेताओं की मनाने की कोशिशों के तहत कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पिछले दिनों वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद, आनंद शर्मा, मनीष तिवारी और विवेक तनखा से मुलाक़ात की है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष चिंतन शिविर के एजेंडा और दूसरे विषयों पर चर्चा के लिए कार्यसमिति के सदस्यों की समिति का गठन कर सकती है।

'बीजेपी अहंकारी है,...

तो अगली बार बदल दीजिए। आम आदमी पार्टी को एक मौका दीजिए, आप सभी दूसरी पार्टियों को भूल जाएंगे।' इस दौरान मान ने कहा, 'दिल्ली और पंजाब का काम सुलझा लिया गया है, अब हम गुजरात के लिए तैयारी कर रहे हैं।' शनिवार को आप के दोनों नेता साबरमती आश्रम पहुंचे। उन्होंने हृदय कुंज में चरखा चलाया। यहीं पर महात्मा गांधी और उनकी पत्नी कस्तूरबा गांधी रहा करते थे। इसके अलावा दोनों नेता आश्रम स्थित संग्रहालय में भी पहुंचे।

सीएम बघेल ने की...

उल्लेखनीय है कि नेहरू मेमोरियल पार्क का निर्माण उस स्थल पर किया गया है जहां स्थित मंच से देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने तृतीय राष्ट्रीय आदिवासी सम्मेलन को संबोधित किया था। 13 से 15 मार्च 1955 को आयोजित तीन दिवसीय इस सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर पंडित नेहरू यहां आए थे। लालबाग मैदान के सामने सड़क के दूसरे छोर में नक्षत्र वाटिका के समीप नेहरू मेमोरियल का निर्माण किया गया है। लगभग पौन एकड़ क्षेत्र में विस्तारित मेमोरियल पार्क में पंडित नेहरू की आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई है। यहां लगाए गए पांच पत्थरों में नेहरू के जीवन से संबंधित जानकारी दी गई है।इस परिसर को लगभग एक करोड़ 50 लाख की लागत से जीर्णोद्धार किया गया है ।

ट्रक ने बाइक को ...

तरह से घायल हो गए हैं। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची तो एक्सीटेंड करने वाला ट्रक वहीं खड़ा था। हालांकि चालक भाग निकला था। पुलिस ने तत्काल युवकों को बरमकेला सीएसची पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान सारंगढ़ के माल्दा निवासी नीलांबर बरिहा पिता बोधीराम बरिहा 24 साल, दीनबंधु बरिहा पिता डोकरा बरिहा 26 साल और बरमकेला सराईपाली निवासी चंद्रसेन चौहान पिता श्याम चौहान 36 साल के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि तीनों युवक बरमकेला से अपने घर माल्दा जा रहे थे।

पिकअप से टकराने ...

खुटसेरा गांव के पास कार व पिकअप में जोरदार भिड़ंत हो गई। आमने-सामने भिड़ंत की वजह से कार में अचानक आग लग गई। जबकि पिकअप रोड की दूसरी साइड अनियंत्रित होकर पलट गई। कार में सवार 4 लोग गम्भीर से घायल हो गए। जबकि पिकअप ड्राइवर को भी गम्भीर चोटें आई। कार में सवार सभी लोग जांजगीर चाम्पा से लोखंडी जशपुर जा रहे थे। घायलों में 1 महिला, 2 बच्चे और और 1 पुरुष हैं। कार में सवार महिला लोखंडी में डॉक्टर हैं। वह ड्यूटी जॉइन करने लोखंडी जा रही थी। घटना की सूचना मिलते ही तुमला पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस की मदद से घायलों को अस्पताल ले जाया गया।

आसमान से गुजरती ...

जमीन की ओर आता हुआ नजर आ रहा है। देखा जा सकता है कि कैसे एक आग का गोला आसमान को चीरते हुए धरती की ओर बढ़ रहा है, आसमान में होने वाली इस घटना को देखकर पखांजूर इलाके के लोग थोड़ा परेशान हो गए। लोगों को डर था कि कहीं ये आग का गोला उनके घरों पर न गिर जाए। हालांकि पहली नजर में यह आग का गोला किसी उल्कापिंड की तरह नजर आ रहा है। वहीं कुछ जानकार का कहना है कि यह उल्कापिंड नहीं बल्कि किसी सैटेलाइट का टुकड़ा है, जो किन्हीं कारणों से क्रैश हो गया है। हालांकि यह किस देश के सैटेलाइट का टुकड़ा है इसकी जानकारी अब तक नही लग पाई है।

भारत-नेपाल ने चीन...

पर कुछ स्थानों जैसे लिपुलेख, कालापानी आदि को लेकर बढ़ा-चढ़ाकर दावा करना और उनके नक्शे जारी करना था। तब इसके पीछे यही समझा गया कि कम्युनिस्ट सरकार चीन के इशारे पर खेल रही है क्योंकि जिस प्रकार से मुद्दों का राजनीतिकरण किया गया वह बेहद चौंकाने वाला था। लेकिन शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत-नेपाल के बीच खुली सीमा है तथा इससे जुड़े विवादों का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। नेपाल के प्रधानमंत्री भी इससे सहमत दिखे हैं। वह भी बातचीत के जरिये मामलों के समाधान को लेकर राजी हुए हैं।

चीन के लिए बड़ा झटका

नेपाल में भारत के रुपे कार्ड की लांचिंग भी चीन के लिए बड़ा झटका है। चीन वहां अपना अली पे ऐप को चलाना चाह रहा था जो भीम यूपीआई जैसा ऐप है। आरोप लगे थे कि इस ऐप से टैक्स चोरी बढ़ रही है। इस मामले में भारत की कूटनीति काम आई और रुपे को वहां लॉन्च कर दिया गया है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि नेपाल की अर्थव्यवस्था के डिजिटल होने में रुपे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

भाजपा में कर्नाटक-हिमाचल...

दिक्कत भी उभर रही है। हिमाचल प्रदेश में बीते एक लोकसभा और तीन विधानसभा के उपचुनाव में पार्टी को हार मिली थी, जबकि कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन के बाद भी सत्ता और संगठन में बेहतर समन्वय नहीं हो पा रहा है। यही वजह है कि गृह मंत्री अमित शाह ने खुद कर्नाटक जाकर कोर कमेटी की बैठक कर विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की है।

न्याय के लिए पांच वर्षों से भटक रहे किसान को पुलिस जनदर्शन से मिला न्याय

■ किसान ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जताया आभार

बेमेतरा/नवप्रदेश। किसान दानीराम जांगडे साकिन जूनाडांडू के द्वारा एक्सीस बैक बेमेतरा से पांच साल पूर्व आयसर कंपनी का ट्रैक्टर किसानी हेतु कर्ज पर लिया था ट्रैक्टर की किस्ते भी पटा रहा था, इसी दौरान किसान दानीराम की आकास्मिक मौत हो जाने के कारण उसकी पत्नि एवं उसके बेटे अनीस कुमार जांगडे पर बैंक के कर्मचारी विकास ठाकुर द्वारा डरा धमका कर उसका ट्रैक्टर छिन लिया और बताया गया कि ट्रैक्टर बैंक ने जप्त कर लिया है। जब कि विकास ठाकुर ने अपने दोस्त डिलर प्रणीस रजक से मिलकर दोनो ने ट्रैक्टर एवं ट्राली अपने पास ही रख लिया, दानी राम की बेवा को कई वर्षो बाद पता चला कि ट्रैक्टर व ट्राली का उपयोग डिलर प्रणीस रजक एवं बैंक कर्मचारी विकास ठाकुर ने हडप लिया है, ऐसा पता उसे लोक अदालत का नोटिस मिलने के बाद पता चला। तो उसके होश उड गये जिसमें लिखा था उसकी जमीन की कुर्की कर ली जायेगी। इस पर से प्रार्थिया पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के पास जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुची तो मामले कि गंभीरता को देखते हुए अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा को बुलाकर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये।

इस पर से आरोपियो के विरूद्ध तत्काल प्रकरण धारा 420, 384, 409 का कायम किया गया। थाना प्रभारी नवागढ निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा एवं उनके टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी विकास ठाकुर पिता स्वरूप सिंह ठाकुर निवासी बैजलपुर से पुछताछ करने पर उसके द्वारा अपना जुर्म स्वीकार कर ग्राम जूनाडाडू से दानीराम जांगडे द्वारा फायनेंस कराये गये ट्रैक्टर तथा ट्राली को खींचकर, प्रणीश रजक के एंजेसी में खडा करना बताया। आरोपी विकास ठाकुर की निशांदेही पर ट्रैक्टर कीमती करीबन 4 लाख रू बरामद किया गया तथा आरोपी को गिरपतार कर रिमाण्ड पर भेजा गया तथा अन्य आरोपी प्रणीस रजक जो अपने पास ट्राली अभी भी रखे हुए है कि तलास हेतु दबिस दी गई जो फरार हैं। किसान दानीराम जांगडे साकिन जूनाडांडू की बेवा तथा उसके परिवार के सदस्यों के द्वारा अत्यंत हर्ष जाहिर करते हुये पुलिस प्रशासन पर विश्वास जताते हुये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कोटि कोटि आभार जताया है, जिससे जनर्शन के कारण पांच साल से भटक रहे किसान को न्याय मिल सका एवं किसानों से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्यवाही कराये जाने बाबत धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र./अ-20(1)/वर्ष 2021-22
आवेदिका श्रीमती नीरजा सौंधी पति स्व. अविनाश चंद्र सौंधी निवासी मानस भवन के सामने चर्च रोड पुरानी सिविल लाईन दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि तमेरपारा दुर्ग में स्थित नजूल भूमि शीट/ स्तार क्रमांक 13, प्लाट नं. 14/3 कुल रकबा 3782 वर्गफीट भूमि आवेदिका निरिजा सौंधी पति स्व. अविनाशचंद्र सौंधी एवं अन्य के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, किंतु आवेदिका को नजूल शीट क्र. 62 प्लाट नं. 6/3 रकबा 351.359 वर्गमीटर का पट्टा जारी किया गया है, जिसकी वैधता वर्ष 2002 को समाप्त हो चुकी है। आवेदिका द्वारा उक्त पट्टाशुदा भूखंड का नवीनीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.04.2022 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/ आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 25.3.2022 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
सील
नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र./अ-20(1)/वर्ष 2021-22
आवेदिका श्रीमती नीरजा सौंधी पति स्व. अविनाश चंद्र सौंधी निवासी मानस भवन के सामने चर्च रोड पुरानी सिविल लाईन दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि तमेरपारा दुर्ग में स्थित नजूल भूमि शीट/ स्तार क्रमांक 13, प्लाट नं. 14/2 कुल रकबा 3660 वर्गफीट भूमि आवेदिका निरिजा सौंधी पति स्व. अविनाशचंद्र सौंधी एवं अन्य के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, किंतु आवेदिका को नजूल शीट क्र. 62 प्लाट नं. 6/2 रकबा 340.025 वर्गमीटर का पट्टा जारी किया गया है, जिसकी वैधता वर्ष 2002 को समाप्त हो चुकी है। आवेदिका द्वारा उक्त पट्टाशुदा भूखंड का नवीनीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.04.2022 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/ आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 25.3.2022 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
सील
नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com
आम सूचना
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल कालोनी कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक एलआईजी-61/721 भूतल में श्री कुंवर राजेश कुमार सिंह पिता श्री कुंवर विजय सिंह को स्ववित्तीय/ एकमुश्त आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 21.06.2011 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।
आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 18.11.2021 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर फ्लैट/भवन श्रीमती पूजा फूलबांधे पिता श्री टेकचंद फूलबांधे के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।
अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र./अ-20(1)/वर्ष 2021-22
आवेदिका श्रीमती नीरजा सौंधी पति स्व. अविनाश चंद्र सौंधी निवासी मानस भवन के सामने चर्च रोड पुरानी सिविल लाईन दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि तमेरपारा दुर्ग में स्थित नजूल भूमि शीट/ स्तार क्रमांक 13, प्लाट नं. 14/11 कुल रकबा 3924 वर्गफीट भूमि आवेदिका निरिजा सौंधी पति स्व. अविनाशचंद्र सौंधी एवं अन्य के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, किंतु आवेदिका को नजूल शीट क्र. 62 प्लाट नं. 6/5 रकबा 476.035 वर्गमीटर का पट्टा जारी किया गया है, जिसकी वैधता वर्ष 2002 को समाप्त हो चुकी है। आवेदिका द्वारा उक्त पट्टाशुदा भूखंड का नवीनीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.04.2022 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/ आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 25.3.2022 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
सील
नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक – चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

प्रियंका और भूपेश ने उपचुनाव में महिला प्रत्याशी को दिया मौका, अब

जिताने की जवाबदारी आधी आबादी की : प्रज्ञा

यशोदा वर्मा की जीत से खुलेगा महिलाओं को 40 फीसदी टिकिट का रास्ता: निर्वाणी

बेमेतरा/नवप्रदेश। राज्य के विधानसभा खैरागढ़ के उप चुनाव में कांग्रेस की प्रत्याशी यशोदा वर्मा के प्रचार के लिए छुईखदान में जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी घर घर जाकर महिलाओ से संपर्क कर रही हैं, उनके साथ प्रचार के दौरान विधानसभा प्रत्याशी यशोदा वर्मा भी थी। महिलाओ से संपर्क के दौरान निर्वाणी ने भूपेश बघेल के नीतियों को समझा महिलाओ से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने को कहा, उन्होंने महिला स्व सहायता समूह के कर्ज माफी, छत्तीसगढ़ के पारंपरिक तीजा पोला जैसे त्योहारों के लिए सरकारी छुट्टी, आजीविका मिशन के तहत पंजीकृत महिला समूहों के उत्पादों को खरीदने और फिर राज्य भर में बेचने के लिए सी मार्ट की स्थापना से लेकर तमाम सरकारी योजनाओं से प्रदेश की महिलाओं को होने वाले लाभ को गिन गिन कर समझाया। प्रज्ञा निर्वाणी कहती है कि प्रियंका गाँधी ने महिलाओं पर विश्वास व्यक्त करते हुए कांग्रेस की टिकिट सरपंच से जिला पंचायत सदस्य बनी यशोदा वर्मा को दिया है, हम महिलाएं आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं आज जब हमारे बीच मे हमारे बीच की किसी महिला को उम्मीदवार प्रियंका गाँधी और भूपेश बघेल ने बनाया है तो हमे दिखाना है कि महिलाये एकजुट होकर मतदान करेंगी। छुईखदान राजपरिवार से ताल्लुक रखने वाली जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी की पढ़ाई खैरागढ़ विश्विद्यालय से पूरी हुई हैं। उन्होंने कहा कि यशोदा वर्मा की जीत पक्की है सिर्फ ऐलान होना बाँकी है, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष मोहन मरकाम, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू से लेकर संगठन के तमाम दिग्गज कांग्रेस नेताओं का जमावड़ा खैरागढ़ विधानसभा में लगा हुआ हैं।

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत फ्री में इलाज के सपना होंगे साकार

कुरूद/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विभाग द्वारा मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत फ्री में इलाज के सपना होंगे साकार अब डाक्टर मन आगे हमर दुवार स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ उपाध्यक्ष मंजू प्रमोद साहू, सभापति मनीष साहू, डूमेश साहू, रोशन जागडे, चुम्मन दीवान महामंत्री प्रमोद साहू, रमेश पांडे, पार्षद उत्तम साहू, राघवेंद्र सोनी के द्वारा पूजा अर्चना एवं हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत निशुल्क चिकित्सकीय जांच एवं 41 प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण निशुल्क एवं दवाई वितरण किया जावेगा। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य शिविर नगर के विभन्न वार्ड चंडी मंदिर के पास, धोबनी तालाब के समीप, पुराना बाजार, वीर सावरकर उद्यान, नया बाजार, अटल आवास, पुराना मंडी, शांति नगर, वृदांवन सरोवर के पास, संत गुरू घासीदास कालेज के पास माह के प्रत्येक रविवार, मंगलवार, बुधवार को क्रमशः आयोजित किया जावेगा। उपाध्याय मंजू प्रमोद साहू ने स्वास्थ्य शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोगो को उपस्थित होकर शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कराने का आव्हान किया। सभापति मनीष साहू ने स्वास्थ्य शिविर में स्वयं जांच कराकर जागरूकता का परिचय दिया एवं नगरवासियों से शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया।

ऑटिज्म के लक्षण, कारण व उपाय बताने अस्पतालों में लगाए पोस्टर

■ वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे पर किया जनजागरूकता का प्रयास

राजनांदगांव/नवप्रदेश। तीन साल से कम उम्र के बच्चे में यदि आंख से संपर्क की कमी, रुचियों की संकीर्ण श्रेणी या कुछ विषयों में गहन रुचि, किसी हरकत को कई बार दोहराना अथवा शब्दों या वाक्यांशों का दोहराना जैसे लक्षण दिखें तो यह संबंधित बच्चे की असामान्य स्थिति के कारण भी हो सकते हैं जिसे विकार की श्रेणी में शामिल किया गया है। इस बारे में जन-जागरूकता के लिए मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पताल में प्रेरक बैनर व पोस्टर लगाए गए। साथ ही विभिन्न माध्यमों से लोगों को ऑटिज्म के लक्षण, कारण व इससे बचाव संबंधी उपायों की जानकारी दी गई।

ऑटिज्म को ऑटिज्म स्पैक्ट्रम नाम से भी जाना जाता है। यह विकार हालांकि लाइलाज है, लेकिन इस दिशा में जन-जागरूकता के प्रयास हर साल किए जाते हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, ऑटिज्म स्पैक्ट्रम एक जीवन पर्यंत होने वाला तंत्रिका संबंधी विकार होता है जो लोगों को बचपन के शुरूआती दौर में ही हो जाता है। इस विकार की वजह से पीड़ित को बहुत सी समस्याएं होने लगती हैं। इसके बारे में लोगों को जागरूकता की बेहद जरूरत होती है। संयुक्त राष्ट्र के द्वारा मनाया जाने वाला विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस भी जन-जागरुकता के लिए प्रयासों का ही एक हिस्सा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने साल 2007 में 2 अप्रैल को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के रूप में घोषित किया था। इसके बाद साल 2008 से 2 अप्रैल को पूरे विश्व में ऑटिज्म जागरूता दिवस के रूप में मनाया जाता है, ताकि दुनिया भर में आम लोगों को ऑटिज्म के बारे में अधिक से अधिक जागरूक बनाया जा सके।

ऑटिज्म के बारे में बात करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बतायाः ऑटिज्म का कोई प्रमाणिक इलाज अब तक नहीं है, लेकिन चिकित्सक इस विकार के प्रभाव को कम करने का प्रयास जरूर करते हैं और कई बार उसमें काफी हद तक सफल भी होते हैं। यह पहले से नहीं बताया जा सकता कि इस रोग को कितना कम किया जा सकता है। विश्व ऑटिज्म डे के अवसर पर इस रोग के प्रति जन-जागरुकता के लिए मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें लोगों को ऑटिज्म से संबंधित विभिन्न जानकारी दी गई।

नियंत्रण के सामान्य उपाय

- बच्चे को डांटने की बजाय मित्र की तरह व्यवहार करें।
- बच्चे की जिद को सहजता से नियंत्रित करें।
- दूसरे बच्चे कैसा बर्ताव करते हैंए यह उसे दिखाएं।
- एक समय में एक ही चीज पर फोकस करें।

ऑटिज्म के प्रमुख लक्षण

ऑटिज्म के साथ एक विशेष बात ये है कि इसके लक्षण शुरू से ही दिखने लगते हैं, लेकिन इस विकार के होने का पता काफी समय बाद चलता है। ऑटिज्म से पीड़ित लोगों को संचार में परेशानी होती है। उन्हें यह समझने में परेशानी होती है कि दूसरे लोग क्या सोचते और महसूस करते हैं। इससे उनके लिए शब्दों या इशारों, चेहरे के भाव और स्पर्श के माध्यम से खुद को व्यक्त करना मुश्किल हो जाता है। ऑटिज्म से पीड़ित लोगों को सीखने में समस्या हो सकती है। उनके कौशल भी असमान रूप से विकसित हो सकते हैं। इसी तरह यह एक ऐसा मनोविकार है जिसे ग्रसित व्यक्ति या बच्चा दूसरों के साथ विचार-व्यवहार करने में असमर्थ रहता है। पीड़ित का मस्तिष्क विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ कार्य नहीं कर सकता है।

इस तरह होता है नियंत्रण का प्रयास

आमतौर पर कई तरह की थेरपी को मिलाकर बच्चे को सामान्य स्थिति में लाने का प्रयास किया जाता है इसलिए विशेषज्ञों की एक टीम मिलकर काम करती है। अगर बच्चा हाइपर सक्रिय है या सोने में दिक्कत है तो उसके लिए मेडिसिन दी जाती है। बोलना सिखाने के लिए स्पीच और लैंग्वेज थेरपी दी जाती है। इसके अलावा बिहेवियरल और ऑक्युपेशनल थेरपी यानी अपने आसपास के माहौल और चीजों से तालमेल बिठाने की थेरपी दी जाती है। इसी तरह बच्चे को रुटीन काम करना सिखाना, सही तरीके से बैठना-उठनाए लोगों से मिलना आदि सिखाया जाता है।

सड़क सुरक्षा व मोटर साइकिल यात्रा जागरूकता शिविर का आयोजन आज

कुम्हारी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में सुरक्षित भारत, सड़क सुरक्षा, मोटर साइकिल यात्रा जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम का विषय सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा से संबंधित रहेंगी यह कार्यक्रम आज शाम 05:00 बजे से ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय परिसर बिजली ऑफिस के पास सरस्वती नगर कुम्हारी में किया जाएगा कार्यक्रम में सम्माननीय अतिथियों द्वारा सारगर्भित उद्बोधन मननशील प्रवचन व राजयोग शिविर का आयोजन भी किया जायेगा। वक्तागण में गुरमीत सिंह (डी.एस.पी. ट्रैफिक पुलिस दुर्ग क्षेत्र) जितेंद्र कुशवाहा (मु.न.अ. न.पा.प. कुम्हारी) राजेश्वर सोनकर (अध्यक्ष न.पा.प., कुम्हारी) व ब्रह्माकुमारी गंगा दीदी (राजयोग शिक्षिका) मुख्य रूप से उपस्थित होंगे।

विधायक ज्योति कक्ष का किया लोकार्पण

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत लेजवारा में आयोजित चंडी मंदिर स्थापना महोत्सव में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। सर्वप्रथम मां चंडी मंदिर में ज्योति प्रज्जवलीत कर क्षत्रवासियों की खुशहाली की कामना साथ ही ज्योतिकक्ष का नारियल तोड़ लोकार्पण किये ग्रामवासियों के मांग अनुरूप विधायक ने मां चंडी मंदिर में ग्रिल निर्माण कार्य हेतु 50 हजार रुपए एवं माईक सेट हेतु 10 हजार रुपए की घोषणा की। इस अवसर पर रवि परागनिहा सरपंच तारालिम, मनहरण पाठक सरपंच लेजवारा, गंगदेव साहू, श्रीमति सतो साहू, परेटू गोड, देवशरण गोस्वामी, भीखूराम साहू, सुरेश साहू, जलील खान, योगेन्द्र सेन, कमलेश साहू, सुखराम, लवकुश साहू, पिलूराम साहू, मोतीराम साहू, डा. तरुण साहू, मोहन यादव, माखन यादव, जीवन लोहार, रश्मि लोहार, अक्ल्हा यादव, दुकालू राम, शोभा साहू, संतोष साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

प्रतिबंधित पॉलीथिन पर कार्रवाई

■ घूम-घूमकर डेढ दर्जन दुकानदारों से प्रतिबंधित सामान जप्त कर जुर्माना वसूला

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम दुर्ग आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर बाजार अधिकारी थान सिंह यादव, सहायक प्रभारी ईश्वर वर्मा, भुवान दास साहू, शशिकांत यादव के अलावा टीम ने गौरव पथ के आस पास फल बेचने वाले विनोद,बल्लू, बरसु,आयुष मालापुरे, महिला समृद्धि सब्जी बाजार से हिरौदी बाई,गणेश सिन्हा,हितेश गीता सिन्हा, बायपास रोड, महाराजा चौक से संजय चौहान,जय माँ बम्लेश्वरी,अमिताभ बंजारे सब्जी एवं फल दुकान, पोटिया चौक से बाके लाल गन्ना रस दुकान, पुलगाँव चौक शिवनाथ बंजारे,जागेश्वर द्विवेदी,कुलदीप बंजारे के अलावा राजेन्द्र द्वारा प्रतिबंधित झिल्ली पन्नी सामान रखने वाले करीब डेढ़ दर्जन लोगों के खिलाफ प्रतिबंधित सामान की जब्ती कर जुर्माना लिया गया। लगातर प्रतिबंधित झिल्ली,पन्नी बचने वालो पर अधिकारी व कर्मचारी द्वारा नजर रखी हुई है शहर के विभिन्न क्षेत्रो में घूम घूमकर निरीक्षण कर रहे हैं। कार्यवाही के मौके पर जुर्माना लेकर उन्हें कड़ी चेतवानी दी गई।निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने कहा है कि झिल्ली, पन्नी डिस्पोजल आदि पर शासन द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है। ये सामग्री निगम क्षेत्र के किसी भी दुकान में विक्रय के लिए न रखी जाए, न ही इनकी बिक्री की जाए। ऐसा करने पर सामग्री जब्त करने के साथ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कार्रवाई के दौरान दुकान में प्रतिबंधित झिल्ली, पन्नी पाए जाने पर पांच सौ से लेकर 2 हज़ार रुपए तक जुर्माना वसूल किया जाएगा।

वेतन व निधि वृद्धि का स्वागत पर नगरीय क्षेत्र के उपाध्यक्ष के साथ सौतेला व्यवहार : सलमान खान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा नगरीय निकायों के अध्यक्ष और पार्षद के विकास निधि की राशि बढ़ाकर डेढ़ गुणा किए जाने तथा मानदेय की राशि को दुगुना किए जाने का स्वागत करते हुए नगर पंचायत उपाध्यक्ष सलमान खान ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ यह सवाल भी दागा है कि आखिर क्यों पंचायत पालिका और निगम में उपाध्यक्षों के लिए भी निधि की व्यवस्था करना जरूरी नहीं समझा गया? निगम को 5 करोड़, पालिका को 80 लाख एवं नगर पंचायत अध्यक्ष निधि को 15 लाख दिया जा सकता है, तो नगर पंचायत उपाध्यक्ष के लिए न्यूनतम 7 से 10 लाख रुपए की भी निधि आखिर क्यों नहीं? क्या उपाध्यक्ष विकास का कार्य करवाना नहीं चाहते या काम करवाना नहीं जानते? नगर पंचायत उपाध्यक्ष सलमान खान ने मुख्यमंत्री की घोषणा पर तंज कसते हुए यह भी कहा कि जितना नगर पंचायत पालिका के अध्यक्ष का व्यय होता है। लोगों को उनसे वार्ड की काम की आस होता है, उतना ही उपाध्यक्ष पर नागरिकों का दबाव होता है, पर उपाध्यक्ष के साथ सौतेला व्यवहार क्यों, अगर केवल उपाध्यक्ष पद को पदेन ही रखना है तो राज्य सरकार को उपाध्यक्ष पद समाप्त कर देना चाहिए। क्योंकि पार्षद और उपाध्यक्ष के निधि में कोई अंतर नहीं है। जबकि, त्रि-स्तरीय पंचायत जिला पंचायत व जनपद में उपाध्यक्ष को अलग से निधि प्रदान किया जाता है, लेकिन नगरीय निकाय उपाध्यक्ष के साथ भेद भाव क्यों?

अंगना म शिक्षा के तहत संकुल स्तरीय प्रशिक्षण सह मेला का आयोजन

खरोरा/नवप्रदेश। आज अंगना म शिक्षा के तहत संकुल स्तरीय प्रशिक्षण सह मेला का आयोजन शास् नवीन प्राथमिक शाला मोहरेंग में किया गया जिसमे उपस्थित माताओ को मास्टर ट्रेनर श्री मति सविता वर्मा के द्वारा घर में बच्चों को खेल खेल घर मे उपलब्ध चीजो से कैसे आसानी से रोचकता के साथ सिखा सकते है विस्तार पूर्वक बताया गया कार्य क्रम को सफल बनाने में समन्वयक, मोहरेगा उपस्थित शिक्षको एवम नवीन शाला मोहरेंगा के शिक्षको शैलेंद्र कुमार डहरिया और राजेंद्र कुमार वर्मा का विशेष योगदान रहा।

शहीद की प्रतिमा का विधायक ने किया अनावरण

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भेडनी में आयोजित प्रतिमा अनावरण व लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। सर्वप्रथम शहीद पोषण साहू की प्रतिमा का पूरे विधि विधान से पूजा पाठ कर अनावरण किए, साथ ही शहीद पोषण साहू के माता पिता का श्रीफल साल से सम्मान किया गया। इस अवसवर पर विधायक श्री छाबड़ा ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद राष्ट्र की अनमोल धरोहर है और हमें शहीदों का पूरा मान सम्मान देना चाहिए, भारतीय थल सेना 511 ए. डी. रेजिमेंट में तैनात पोषण साहू महान देशभक्त थे ऐसे महान देशभक्त पर हमें न केवल गर्व है, बल्कि युवा पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेना चाहिए तथा सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा करनी चाहिए देश की सुरक्षा में लगे हर सैनिक हमारे जीवन, परिवार, सामाजिक व्यवस्था,समाज में अपनापन बना रहे और इसे संभालने का सपना देखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। इस अवसर पर टीआर साहू सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा, श्रीमती हीरादेवी वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेरला, रासबिहारी कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत बेरला, बल्लू सिंह राजपूत, श्रीमती जिज्ञासा विनोद दुबे सरपंच, प्रवीण शर्मा पूर्व सरपंच, सहदेव साहू, दिहरण साहू, हितेंद्र साहू, राजा साहू, यशवंत साहू, कमल वर्मा, लीलाराम साहू, गौरिशंकर शर्मा, राजेश चंदेल, नोहर देवांगन, युवराज दुबे, फत्ते पटेल, छगन साहू, गोरेलाल साहू, गजेन्द्र वर्मा, खूबी साहू, मिथलेश पटेल, सुदर्शन साहू, श्रीमती आरती पटेल, श्रीमती रूबी सलूजा, रामसिंग वर्मा, प्रभूराम साहू, देवा गर्ग, राजू साहू, रामाधार देवांगन, भागवत दास, कुलेश्वर साहू, राजकुमार सेन, गुड्डू सेन, गोविंदा राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

जब तक आम जनता को राहत नहीं मिलती चलता रहेगा अभियान : वोरा

दुर्ग/नवप्रदेश। कांग्रेस का महंगाई मुक्त भारत अभियान अब छत्तीसगढ़ में जोर पकड़ने लगा है। राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी के आह्वान पर शुरू किए गए इस चरणबद्ध आंदोलन के पहले चरण में भी वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा के नेतृत्व में दुर्ग शहरी क्षेत्र के सभी ब्लाकों में जोरदार प्रदर्शन किया गया था। विधायक वोरा स्वयं अपने निवास में मोटर सायकिल एवं सिलिंडर को माला पहना कर कार्यकर्ताओं समेत सायकल से ही अलग अलग स्थानों पर ब्लॉक अध्यक्षों द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन के कार्यक्रम में शामिल होने निकल पड़े और कार्यकर्ताओं में केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोश भरा था। अब 4 अप्रैल को अभियान के द्वितीय चरण में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है जिसके प्रारूप को सार्वजनिक नहीं किया गया है। किंतु पहले चरण की ही तरह दुर्ग में एक बार फिर वोरा के नेतृत्व में अनूठे प्रदर्शन की उम्मीद है। विधायक ने सभी कांग्रेस जनों से अपील करते हुए अधिक से अधिक संख्या में धरने में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि अपनी लड़ाई हर जीव लड़ता है किंतु कांग्रेस का इतिहास अलग है कांग्रेस पार्टी अपने अस्तित्व में आने के समय से ही आम जनता की लड़ाई लड़ती आई है। एक बार फिर हम आजादी की लड़ाई लड़ रहे हैं महंगाई, बेरोजगारी और अन्याय से यह आजादी हम एकजुट होकर जनता को दिलवा कर ही रुकेंगे। कल हिंदी भवन के सामने प्रातः 11 बजे धरना में शामिल होने के लिए वोरा ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने कांग्रेसियों से अपील की है।

मतिभ्रम दूर करने पडरौना भ्रमण करें सांसद पांडेय : रूपेश दुबे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने भाजपा सांसद संतोष पांडे के विचलित पूर्ण बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा के नेता बार.बार गंगाजल कसम की बातें करते हैं। डा. रमन सिंह कार्यालय में भाजपाइयों को सीडी दिखाने भेंट करने के बाद भी सांसद को मतिभ्रम है, ऐसी दशा में वे नवेले भाजपा नेता पडरौना के आरपीएन सिंह से जाकर स्थिति स्पष्ट कर ले कि उन्होंने किस मुद्दे को लेकर गंगाजल की कसम खाई गई थी, क्योंकि वर्ष 2018 के चुनाव में कांग्रेस में अपने जन घोषणा पत्र को लागू करते समय संकल्पित मन से सिंह ने ही कसम खाई थी। घोषणा पत्र के अधिकांश वादे पूरे हो गए है, जिसके चलते भाजपा के नेता मुद्दों के दिवालियापन की कगार पर हैं और बार-बार बेतुकी बातें कर विधवा विलाप करते हैं। छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज पूरे देश के रोल मॉडल नेता के रूप में स्थापित हो गए हैं और इनकी योजनाओं के कारण ही इनकी मांग जहां जा निर्वाचन होते हैं वहां-वहां होती है और पार्टी के सच्चे नेतृत्वकर्ता सिपाही होने के नाते वे अपना पार्टी धर्म निभाते हुए चुनाव प्रचार में जाते हैं, राजनीति में सफलता और असफलता शास्वत सत्य है, अन्य प्रांतों के परिणाम से छत्तीसगढ़ की तुलना छोड़ो सांसद अपने संसदीय क्षेत्र में अपनी पार्टी की दशा पर चिंतन करें, क्योंकि कांग्रेस जो कहती है वह करती है और अभी भी जो कहा है वह करेंगे ऐसी दशा में सांसद अपनी निष्क्रियता छुपाने के लिए कोरी बयानबाजी ना करें।

सुपेबेड़ा : और एक किड़नी पीड़ित की मौत, सीएचएमओ का बयान सवालों के घेरे में

देवभोग/नवप्रदेश। किडनी पीड़ित गांव सुपेबेडा पर मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मतलब 14 वर्ष बीतने के बाद इस गांव के आने वाले पीढ़ी को किडनी बिमारी से बचाने की पहल ना शासन से होती और ना प्रशासन गंभीर होता है। शायद यही वजह है की किडनी बीमारी से पीड़ित पुरुंधर ने इस बीमारी के सामने घुटना टेक मौत की आगोस में समा गया। मतलब इस गांव में 16 वर्ष के दुकेश्वर से लेकर 70 वर्षीय बुर्जुग की मौत के साथ आंकड़ा 78 पहूंच चुका है। 45 वर्षीय पुरुनधर भी 3 वर्ष से किडनी बीमारी का शिकार था बीते 23 मार्च को रायपुर डीकेएस पर इलाज करने भी पंहुचा रहा लेकिन बिना इलाज करवाएं लौटने की बात सीएचएमओ द्वारा कहीं जा रही है। जबकि रिपोर्ट अनुसार पुरुनधर का यूरिया क्रियेटिन समान्य स्थिति से काफ़ी बढा रहा जिससे अवगत स्वास्थ्य विभाग ने डायलिसिस कराने की सलाह दी लेकिन पुरुंध ने बिना इलाज लिए वापस लौटने की बात कही जा रही है। लेकिन इस बीच सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि सीएचएमओ साहित पुरा स्वास्थ्य अमला किडनी बीमारी से मौत की पुष्टि नहीं करते मल्टी आर्गन फैलियर होने के चलते मौत की बात कह रहे हैं। मतलब बिना पोस्टमार्ड्म सत्यता के सुपेबेड़ा में हुई मौत को दुसरा ट्दुसरा कारण बताते अपनी लापरवाही छुपाने में पिछ्ले कई माह से कामयाब हो रहे। जबकि बिना पुष्टि के पहले से ही किडनी बीमारी से मौत मानकर कई प्राभावित परिवार को तत्कालिन सरकार ने लाखो की मुआवजा के साथ तरह तरह योजना का लाभ दिलाया है। लेकिन कुछ समय से सीएचएमओ सहित पुरा स्वास्थ्य विभाग पीड़ितो की मौत को किडनी बीमारी का कारण नही मान रहा है। और पुरुनधर की मौत को भी सीएचएमओ द्वारा बड़ी आसनी के साथ मल्टी आर्गन फैलियर बताकर किडनी से हुई मौत को डायवर्ट करने की भरपूर कोशिश किया किया जा रहा है । हालाकि कभी कभार सुपेबेड़ा पहुंचने वाले सीएचएमओ कार्यालय पर बैठे बैठे मौत का कारण बता रहे हैं । और तरह तरह का कारण से कलेक्टर मंत्री के बीच कन्वेंस कर अपनी कमजोरी को आसानी से छुपा लेते हैं जिसकी चर्चा गांव के गलियारों से लेकर जिला अधिकारियो के बीच जमकर होती हैं । कियोकी ऐसे कई मौत को कलेक्टर मंत्री को कन्वेंस कर कार्यवाही से साफ साफ़बच जाते है।

फोर्स एकेडमी के 3 दिव्यांग खिलाड़ियों ने नेशनल पैरा एथलेटिक्स में जीते 5 मेडल

■ दिव्यांग खिलाड़ियों को पुलिस कप्तान ने किया सम्मानित

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में पुराने पुलिस लाइन में फोर्स एकेडमी निशुल्क कोचिंग क्लास का संचालन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से छत्तीसगढ़ के कई जिलों के अभ्यर्थी को निशुल्क पुलिस भर्ती, आर्मी भर्ती, एसएसबी, आईटीबीपी, भर्ती प्रशिक्षण एवं विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं तथा खेलकूद, एथलेटिक्स आदि की तैयारी रक्षित निरीक्षक नरगिस तिग्गा बघेल के मार्गदर्शन में प्रधान आरक्षक वसीम रजा कुरैशी(ट्रेनर/कोच) के द्वारा कराई जा रही है। जहां पूर्व कई वर्षों से दिव्यांग खिलाड़ियों को एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारी कराया जा रहा है। फोर्स एकेडमी के 5 दिव्यांग खिलाड़ियों के द्वारा लगातार एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अपना बेहतर प्रदर्शन कर जिले के लिए अनेकों गोल्ड एवं कांस्य पदक हासिल कर जिले को गौरवान्वित कर चुके हैं। इन दिव्यांग खिलाड़ियों को एसपी द्वारा सम्मानित किया गया। 31 मार्च तक पैराओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा 20वां राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप भुवनेश्वर उड़ीसा में आयोजित किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम में कबीरधाम से पांच दिव्यांग खिलाड़ी एवं कबीरधाम पुलिस के प्रधान आरक्षक वसीम रजा कुरैशी (कोच) शामिल हुए थे। दिव्यांग पैरा एथलीट छोटी मेहरा ने 20वें राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए गोला फेंक में स्वर्ण पदक एवं चक्र फेंक में रजत पदक प्राप्त कर 2 पदक जीतकर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया। वहीं दिव्यांग खिलाड़ी संगीता मसीह ने अपने ग्रुप वर्ग (स्न 37) के गोला फेंक में सम्पूर्ण भारत में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया। सुखनंदन निषाद ने 100 मीटर की दौड़ में एक कांस्य पदक एवं लंबीकूद में भी एक कांस्य पदक हासिल कर सम्पूर्ण भारत में कबीरधाम जिला एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश का मान बढ़ाया है। ये सभी खिलाडी इसी वर्ष होने वाले एशियन पैरा गेम के चयन ट्रायल में भाग लेंगे।

इंडियन रोटी बैंक ने बांटी खुशियों की मिठास, स्नेह पाकर चहक उठे बच्चे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। इंडियन रोटी बैंक की राजनांदगांव शाखा में 1 अप्रैल को उत्सव के रूप में मनाया गया। इस दिन को खुशियों का दिन का रूप देकर जरूरतमंद बच्चों को चॉकलेट व बिस्किट के साथ ही विभिन्न खाने का समान वितरण किया गया। इंडियन रोटी बैंक का यह दुलार व स्नेह पाकर बच्चे खुशी से चहक उठे। उनके चेहरे पर मुस्कान दौड़ पड़ी।

बताते चलें कि सेवाभाव से जुड़े विभिन्न कार्यों में संस्था इंडियन रोटी बैंक सदैव अग्रणी बनती आ रही है। संस्था द्वारा प्रत्येक सप्ताह जरुरतमंदों को भोजन का भी वितरण किया जाता है। इस संबंध में संस्था की जिला समन्वयक एवं टैरो कार्ड रीडर व रेकी मास्टर हीलर भावना तिवारी बताती हैं कि सेवा के इस पुनीत कार्य में समाजसेवी एसके देवांगन की भूमिका हमेशा सराहनीय रही है। भावना तिवारी ने कहा है कि, इंडियन रोटी बैंक एक समाजसेवी संस्था है, जिससे जुड़कर कोई भी अपना योगदान देते हुए सेवा का सहभागी बन सकता है। एक अप्रैल को आयोजित चॉकलेट वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमलेश तिवारी, खुशी तिवारी, अक्षय, आकाश, रोशनी, त्रिगुण सदानी, विकास शर्मा, नीतू, शुभम व आयांश ने सराहनीय भूमिका निभाई।

हेलिपैड में सीएम को गार्ड ऑफ ऑनर दिया

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का दंतेवाड़ा पहुंचने पर हेलिपैड में स्थानीय जनप्रतिनिधिओ और प्रशासकीय अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को गार्ड ऑफऑनर दिया गया। इस अवसर पर दन्तेवाड़ा प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, बस्तर सांसद दीपक बैज, दंतेवाड़ा विधायक देवती महेंद्र कर्मा, औषधि पादप बोर्ड उपाध्यक्ष छबिन्द्र कर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, अवधेश सिंह गौतम अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर दीपक सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

सीएम ने डैनेक्स कपड़ों के लॉट को दिखाई हरी झंडी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 3 अप्रैल को अपने दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान पुलिस लाइन कारली से 1 करोड़ 89 लाख की राशि के 32500 के डैनेक्स कपड़ों के लॉट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, सांसद बस्तर दीपक बैज, विधायक देवती महेन्द्र कर्मा, पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष छबिंद्र कर्मा सहित कलेक्टर दीपक सोनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

वासनिक ने खैरागढ़ विधानसभा उपचुनाव में प्रचार की संभाली कमान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। खैरागढ़ चुनाव में जीत हासिल करने के लिए प्रचार अभियान ने अब जोर पकड़ लिया है। प्रत्याशी के पक्ष में मतदाताओं को रिझाने के लिए विधानसभा क्षेत्र में दीवार लेखन, बैनर व पोस्टर की भरमार हो गई है। चुनावी सभा व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी पार्टी व प्रत्याशी की उपलब्धियां गिनाई जा रही। चुनाव प्रचार में जोर लगाने के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष विवेक वासनिक के नेतृत्व में भी सैकड़ों कांग्रेसी खैरागढ़ पहुंचे। यहां स्थित चुनाव कार्यालय पहुंचकर वहां से वे सभी क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए निकले। श्री वासनिक के नेतृत्व में छुईखदान बाजार में नुक्कड़ सभा की गई। यहां श्री वासनिक ने छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए जनता से कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार गांव, गरीब तथा किसानों की सरकार है। भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ लगातार विकास की ओर अग्रसर है। श्री वासनिक के साथ चुनाव प्रचार के लिए निकले लोगों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलजीत सिंह पिंटू, अरूण सिसोदिया, रज्जाक खान, सुरेन्द्र शर्मा अध्यक्ष कृषि विकास आयोग, राम कुमार यादव विधायक चंद्रपुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हैं।

दर्री- गोपालपुर सड़क निर्माण काम शुरू

कोरबा/नवप्रदेश। मेजर ध्यानचंद चौक से गोपालपुर तक बनने वाले सड़क निर्माण का काम शुरू हो गया है। कलेक्टर रानू साहू ने दर्री गोपालपुर तक बनने वाले सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण कर 2 दिन के भीतर काम शुरू करने के निर्देश दिए थे। सड़क निर्माण तेजी से करने के लिए दर्री बराज में ट्रैफिक को डायवर्ट भी किया गया है। कलेक्टर के निर्देश के पश्चात सड़क निर्माण में लगे ठेका कंपनी ने मेजर ध्यानचंद चौक तरफ से सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया है। सड़क बन जाने से लोगों को पक्की सड़क में आने जाने का सुलभ साधन मिलेगा। कलेक्टर ने दर्री गोपालपुर सड़क निर्माण के कार्य को तेजी से पूरा कर लोगों को आवागमन के लिए सुलभ साधन प्रदान करने के निर्देश दिए है। उन्होंने समय सीमा में पक्की सड़क तैयार करने के निर्देश अधिकारी और ठेकेदारों को दिए है। इसी तारतम्य में कलेक्टर के निर्देश पर सड़क निर्माण का कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है। सड़क निर्माण के लिए आवश्यक मशीन और तकनीकी टीम लगाई गई है।

गर्मी को लेकर एडवाइजरी जारी, गर्मियों में खाली पेट घर से बाहर न निकलें, लू से बचें

रायपुर/नवप्रदेश। गर्मियों के मौसम में लू लगने से बीमार होने के अनेक मामले आते हैं। कुछ जरूरी सावधानियां अपनाकर इससे बचा जा सकता है। ग्रीष्म ऋतु में लू चलना आम बात है। इस मौसम में तेज धूप एवं गर्मी के कारण लू लगने की संभावना रहती है। लू लगने का प्रमुख कारण शरीर में नमक और पानी की कमी होना है। पसीने के रूप में शरीर से नमक और पानी का बड़ा हिस्सा शरीर से बाहर निकल जाता है और खून में गर्मी बढ़ जाती है। लू लगना खतरनाक एवं जानलेवा भी हो सकता है। शरीर में कुछ लक्षणों के आधार पर जाना जा सकता है कि हमें लू लग गयी है। बहुत तेज बुखार आना, सिर भारी लगना, शरीर से पसीना न निकलना, उल्टी होना, हाथ-पैर में दर्द होना, त्वचा का सूखा, गर्म व लाल होना, चक्कर एवं बेहोशी आना इसके लक्षण हैं।

लू से बचाव के उपाय

कुछ सामान्य उपाय अपनाकर लू से बचा जा सकता है। गर्मियों में पानी एवं अन्य तरल पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें, सफेद या हल्के रंग का सूती का कपड़ा पहनें, धूप के चश्मे, टोपी तथा छाता का प्रयोग करें, धूप में बाहर निकलने से बचें। यदि धूप में निकलना जरूरी हो तो खाली पेट घर से बाहर न निकलें। गर्मी के दिनों में शीघ्र पचने वाला भोजन करना चाहिए व दिन में बार-बार पानी का सेवन करते रहना चाहिए। नाक व कान को ढंककर या लपेटकर निकलें। धूप के चश्मे, टोपी और छाता का इस्तेमाल करें। मौसमी फलों जैसे तरबूज, अंगूर, खरबूजा इत्यादि का सेवन भी लू से बचाव में लाभदायक रहता है। लू के लक्षण होने पर तुरंत अपने नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र जाएं या मितानिन से संपर्क करें।

अब लो वोल्टेज की समस्या होगी दूर, तीन जगहों पर ट्रांसफार्मर लगाने की मिली स्वीकृति

महासमुंद/नवप्रदेश। क्षेत्र के तीन स्थानों में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों को ओवरलोडिंग के चलते ट्रिपिंग की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। वहीं सब स्टेशनों की कम क्षमता के कारण होने वाली बिजली कटौती से भी निजात मिलेगी।

संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर के प्रयास से सिरपुर और मुढ़ैना में 3.15 एमवीए क्षमता, ग्राम अछोली में 3.15 एमवीए क्षमता के अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। नए ट्रांसफार्मर लगने से ओवरलोड की समस्या से राहत मिल जाएगी। बेहतर वोल्टेज और नियमित बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। इन क्षेत्रों के ग्रामीण बिजली समस्या को लेकर विधायक चंद्राकर का ध्यानाकर्षित कराया था। इसके बाद उन्होंने सिरपुर, मुढ़ैना व अछोली में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर के लिए स्वीकृति दिलाई। जिस पर जनपद उपाध्यक्ष त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य अमर चंद्राकर, ढेलू निषाद, जनपद सदस्य अजय मंगल ध्रुव, कुणाल चंद्राकर, सरपंच गोवर्धन बांधे, ललित ध्रुव, अरूण चंद्राकर, पूर्व सरपंच राजेन्द्र चंद्राकर, थनवार यादव, राधेश्याम ध्रुव, राजेश साहू, दिलीप जैन, गजाधर निषाद, गंगा प्रसाद निषाद, निहाल सोनकर, संतोष साहू, अश्वनी गिलहरे, जितेंद्र चंद्राकर, टोमन सिंह ध्रुव, संतोष चंद्राकर, हेमलाल यादव, देवसिंह यादव, श्रीराम ध्रुव, रविंद्र चंद्राकर, तिलक चंद्राकर, आदि ने संसदीय सचिव चंद्राकर का आभार जताया है।

बसदेई पुलिस ने दो गांजा तस्करों को पकड़ा

सूरजपुर/नवप्रदेश। सूरजपुर जिले के बसदेई चौकी पुलिस ने 2 गांजा तस्करों को पकड़ा है। पकड़े गए तस्करों से 24 हजार रुपए का गांजा जब्त किया है। तस्कर बाइक में गांजे की तस्करी कर रहे थे, जिन्हें मुखबिर की सूचना पर पकड़ लिया गया। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को बसदेई पुलिस न मुखबीर की सूचना पर ग्राम बंजा में घेराबंदी कर दो मोटर सायकल सहित 2 व्यक्ति राम चौधरी पिता गुलाब चौधरी उम्र 24 वर्ष एवं सत्य नारायण चौधरी पिता लालसाय चौधरी उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम महेशपुर, चौकी लटोरी का पकड़ा गया जिनके कब्जे से 2 किलो 60 ग्राम गांजा कीमत 24 हजार रुपए का जब्त किया गया। मामले में गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त दोनों मोटर सायकल जब्त करते हुए आरोपियों के विरूद्ध धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया है।

मेडिकल कॉलेज व ईएसआईसी हॉस्पिटल में ओपीडी शुरू करने सांसद ने दिया जोर

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कोरबा प्रवास के दौरान कोरबा मेडिकल कॉलेज व ईएसआईसी अस्पताल प्रबंधन की बैठक ली। सांसद ज्योत्सना महंत ने मेडिकल कॉलेज में इसी सत्र से चिकित्सा शिक्षा प्रारंभ करने के संबंध में पूर्व में ली गई बैठक में दिए गए निर्देशों के प्रगति की जानकारी ली। साथ ही ईएसआईसी अस्पताल में ओपीडी प्रारंभ करने के संबंध में की जा रही तैयारियों के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली। सांसद ने कहा है कि श्रमिक वर्ग के लोगों के लिए ईएसआईसी अस्पताल प्रारंभ किया गया है जो कोविड संक्रमण के दौरान कोविड केयर सेंटर अस्पताल के रूप में प्रारंभ किया गया लेकिन अब जबकि कोरोना का संक्रमण खत्म होने लगा है तब इस अस्पताल में श्रमिकों के लिए ओपीडी प्रारंभ करने की जरूरत है। इस दिशा में पिछले दिनों प्रवास के दौरान ईएसआईसी प्रबंधन की बैठक लेकर निर्देश दिए गए थे। इसी तरह मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा शिक्षा इसी सत्र से प्रारंभ करने की भी जरूरत उन्होंने बताई है। सांसद ने कोरबा के ट्रामा सेंटर में भी जल्द चिकित्सा सुविधा प्रारंभ करने की दिशा में अधिकारियों से जानकारी ली। इस संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से भी उन्होंने मुलाकात कर इस दिशा में जल्द कार्यवाही करने का आग्रह किया है। बैठक में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अविनाश मेश्राम, मेडिकल अधीक्षक डॉ. गोपाल कंवर, डॉ. रवि जाटवर, डॉ. स्वाति सिसोदिया उपस्थित थे।

मार डारे मया मा छत्तीसगढ़ी फिल्म का ट्रेलर रिलीज, 8 को सिनेमा घरों में आ रही फिल्म

■ 3 साल बाद फिल्मों में वापसी कर रहे छत्तीसगढ़िया सुपरस्टार अनुज, पत्रकारों के साथ देखा ट्रेलर

भाटापारा/नवप्रदेश। गजेंद्र श्रीवास्तव प्रोडक्शन व मनीष मानिकपुरी द्वारा निर्देशित छत्तीसगढ़ फिल्म मार डारे मया मा फिल्म का ट्रेलर बीते 10 मार्च को यू ट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। फिल्म में पहली बार हीरो की एंट्री हेलीकॉप्टर में होती है जिसे देखकर लगता है कि छत्तीसगढ़ी फिल्म भी अब हॉलीवुड और बॉलीवुड में बनने वाली फिल्मों के बराबर है। मार डारे मया मा फिल्म के मुख्य कलाकार अनुज शर्मा और लिप्सा मिश्रा हैं। सिनेमा घरों में 3 साल के बाद अनुज शर्मा एक बार फिर बड़े बजट की फिल्म के साथ वापसी कर रहे हैं। अनुज शर्मा रविवार को भाटापारा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के साथ फिल्म का ट्रेलर देखा और इस बड़ी बजट वाली फिल्म को लेकर अपने अनुभव साझा किया। सिने फ्लेक्स में दीपक शुक्ला, सुदीप शुक्ला, राजकुमार चोपड़ा और आयुष शुक्ला की उपस्थिति में पत्रकारों से चर्चा करते हुए अनुज शर्मा ने बताया कि फिल्म की कहानी और संगीत में छत्तीसगढ़ के मिट्टी की खुशबू दिखाई देती है। फिल्म के ट्रेलर और संगीत को सोशल मीडिया में काफी पसंद किया जा रहा है। इसके गीत पहले ही सुपर हिट हो चुके। सुनील सोनी और नावलदास मानिकपुरी ने लोक धुनों के साथ इस फिल्म का सुमधुर व लोकप्रिय संगीत बनाया है, सुशील यदु, राकेश चौहान, और नवलदास मानिकपुरी इस फिल्म के गीतकार हैं। फिल्म की कहानी सिद्धार्थ सिंह, पटकथा मनीष मानिकपुरी और संवाद गिरवारदास मानिकपुरी ने लिखी है। सिनेमाटोग्राफी करने वाले सिद्धार्थ सिंह का काम दर्शकों को बहुत प्रभावित कर रहा है। पुष्पेंद्र सिंह, अंजली चौहान, सुनील तिवारी, पुरन किरी, क्रांति दीक्षित, ज्योत्सना, सतीश जैन, मनोज वर्मा, अमित शर्मा, राजेश पाण्ड्या, प्रदीप शर्मा, जैसे प्रतिष्ठित कलाकार इस फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका में दिखाई देंगे। प्रदेश के सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्स में इस फिल्म का प्रदर्शन 8 अप्रैल को किया जाएगा। छग के 20 शहरों के 25 स्क्रीन पर यह फिल्म रिलीज हो रही है। गजेन्द्र श्रीवास्तव प्रोडक्शन में बनी छत्तीसगढ़ी फिल्म मार डारे मया मा फिल्म को अमेरिका में प्रदर्शित किया जा रहा है।

नाचा के सहयोग से नार्थ अमेरिका में फिल्म रिलीज

अनुज शर्मा ने बताया कि यह फिल्म छत्तीसगढ़ से पहले 2 अप्रैल को नॉर्थ अमेरिका छत्तीसगढ़ एसोसिएशन (नाचा) के सहयोग से अटलांटा जॉर्जिया अमेरिका में रिलीज हो चुकी है। इसके बाद सैन फ्रांसिस्को और न्यू जर्सी में भी इस फिल्म को रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का अमेरिका में वितरण दुबेस् इंटरटेनमेंट द्वारा किया जा रहा है जो की छत्तीसगढ़ी फिल्मों के अभिनेता मनीष दुबे की अमेरिकन कंपनी है। नाचा के अध्यक्ष गणेश कर ने बताया कि फिल्म मार डारे मया म के प्रीमियर शो को लेकर अमेरिका में निवासरत छत्तीसगढ़िया बहुत उत्साहित हैं। अमेरिका के रोसमेल शहर के डीजीमेक्स थिएटर में इस फिल्म को 2 अप्रैल को प्रदर्शित किया गया।